रोहतक
सोमवार, 8 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 27, अंक : 347
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 12.0
न्यून. 8.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 पीएम मोदी बिहार से कर सकते हैं लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज




## खबर संक्षेप



### बांग्लादेश में 27.15% मतदान, शेख हसीना की पार्टी जीत की ओर

ढाका (भाषा)। बांग्लादेश में हिंसा की छिटपुट घटनाओं और मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के बहिष्कार के बीच रविवार को आम चुनाव के लिए कम संख्या में लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचे। निर्वाचन आयोग के सचिव मोहम्मद जहांगीर आलम ने बताया कि 12 वें संसदीय चुनाव में अपराह्न तीन बजे तक 27.15 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। शाम को शुरू हुई मतगणना के रूझानों के अनुसार पीएम शेख हसीना लगातार चौथा कार्यकाल हासिल करने वाली उनकी पार्टी आवामी लीग अधिकांश सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। बता दें कि विपक्षियों ने चुनाव का बहिष्कार किया है। हसीना ने गोपालगंज 3 संसदीय सीट पर शानदार जीत दर्ज की है। 1986 से इस सीट पर उनकी यह 8वीं जीत है।

(संबंधित पेज 8 पर)

## मोदी-भारत पर आपत्तिजनक टिप्पणी, उच्चायुक्त ने दर्ज करवाई शिकायत

# मालदीव में मरियम समेत 3 मंत्री सस्पेंड

तीनों ने पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे और भारत की टूरिज्म पॉलिसी को लेकर की थी आलोचना

भारत ने कड़ा रुख अपनाया

भाषा ▶▶| माले/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों का मुद्दा भारतीय उच्चायोग द्वारा उठाए जाने के बाद रविवार को मालदीव की सरकार ने अपने तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया। इन मंत्रियों ने मोदी व भारत के खिलाफ सोशल मीडिया पर 'अपमानजनक' टिप्पणियां की थीं। मामले को लेकर द्वीपीय देश के प्रमुख विपक्षी नेताओं ने भी मालदीव सरकार की आलोचना की। इससे पहले, मालदीव सरकार ने टिप्पणियों से खुद को अलग करते हुए इसे संबंधित सांसदों के निजी विचार करार दिया। माले में भारतीय उच्चायोग ने मालदीव सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया। इसके बाद मालदीव युवा मंत्रालय में उप मंत्रियों-मालशा शरीफ, मरियम शिउना व अब्दुल्ला महजूम माजिद को उनके पदों से निलंबित कर दिया।

### नेताओं ने लांघी मर्यादा, राष्ट्रपति मुइज्जू का एक्शन



मालदीव की युवा अधिकार, सूचना और कला उप-मंत्री मरियम शिउना ने मर्यादा लांघ दी और अभद्र टिप्पणी की। एक और सांसद माएज महमूद ने कहा कि मालदीव का सूर्यास्त आपको लक्षद्वीप में नहीं दिखेगा। इसीलिए मालदीव की यात्रा करें। वहीं, एक अन्य नेता जाहिद रमीज ने लिखा कि भारत सर्विस के मामले में हमारा मुकाबला नहीं कर सकता। भारत की आपत्ति के बाद मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने अपने तीन मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया।

### सोशल मीडिया पर बॉयकटमालदीव ट्रेंड में

दिनभर सोशल मीडिया पर हैशटैग बॉयकटमालदीव ट्रेंड होने लगा। वहीं, भारत के कई सेलेब्रिटीज ने लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की तारीफ और समर्थन किया। मोदी ने लक्षद्वीप विजिट की फोटो शेयर की थी। इस तस्वीर के साथ लिखा था- जो लोग अपने अंदर साहस बटोरना चाहते हैं, उनकी लिस्ट में लक्षद्वीप जरूर होना चाहिए।

### शिउना ने गलत शब्द कहेः पूर्व राष्ट्रपति नशीद

मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा- शिउना ने गलत शब्द कहे हैं। ये बात मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि को खतरे में डाल सकती है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार को ऐसी टिप्पणियों से दूरी बनानी चाहिए।

### यह लिखा मालदीव के नेता ने


**जाहिद रमीज** ने लिखा-बेशक यह अच्छा कदम है, लेकिन भारत कभी हमारी बराबरी नहीं कर सकता है। मालदीव पर्यटकों को जो सर्विस देता है, वो भारत कैसे देगा। वो इतनी सफाई कैसे रख पाएंगे, जितनी हम रखते हैं। उनके कमरों में आने वाली बदबू टूरिस्टों के लिए सबसे बड़ी दिक्कत होगी।

**भारत नाराजः** पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भारत ने नाराजगी जताई थी। मामले को मोहम्मद मुइज्जू सरकार के सामने उठाया था। माले में भारतीय उच्चायुक्त ने टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके बाद मालदीव सरकार ने बयान जारी कर कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है। अब विवाद बढ़ता देख 3 मंत्रियों को संस्पेंड कर दिया।

**मालदीव की छुट्टियां रद की:** भारतीय लाखों रुपये खर्च कर मालदीव में छुट्टियां मनाने के लिए जाते हैं। इसके बावजूद मालदीव के लोग भारत के खिलाफ बात कर रहे हैं इसके जवाब में कई भारतीयों ने मालदीव की छुट्टियां रद कर दी हैं।

## करगिल में बर्फबारी और अंधेरे के बीच गरजा वायुसेना का सी-130 जे विमान

### पहली बार सी-130जे विमान की सफल नाइट लैंडिंग



**नई दिल्ली/लद्दाख (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना ने कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बीच आधी रात में पाकिस्तान और चीन सीमा से सटे लद्दाख के करगिल में पहली बार सी-130जे सुपर हरक्यूलिस लड़ाकू विमान को रात में लैंडिंग करवाकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही सीमा पर सेना और मजबूत हो गई है। यह विमान रात में हमला करने और सीमा की निगरानी करने में सक्षम है। इसके लिए जवानों को भी ट्रेनिंग दी जा रही है। दरअसल, वायु सेना के विमान हरक्यूलिस 'सी-130जे' ने करगिल हवाई पट्टी पर पहली बार रात में लैंडिंग की है। वायु सेना ने रविवार को इस उपलब्धि की जानकारी साझा की है। करगिल की यह हवाई पट्टी चारों ओर से पहड़ियों से घिरी है। ऐसे में यहां रात में लैंडिग करवाना बेहद खतरनाक माना जाता है। इस लैंडिंग को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और वायु सेना का नया कीर्तिमान माना जा रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि करगिल में अपने इस मिशन के दौरान टेरेन मास्किंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। टेरेन मास्किंग वह रणनीति होती है, जिसके अंतर्गत वायुसेना के विमान दुश्मन देश या सेना के रडार को चकमा देकर अपने लक्ष्य तक पहुंचते हैं।

#### वीडियो जारी

वायुसेना ने विमान की नाइट लैंडिंग के बाद रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो जारी किया। इस वीडियो में सेना के कमांडोज भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के साथ एयरफोर्स ने लिखा- सी-130जे विमान को करगिल में उतार कर इतिहास रचा गया है। अब रात के अंधेरे में भी निगरानी और दुश्मनों पर हमला किया जा सकता है।

#### टेरेन मास्किंग एक्सरसाइज की

एयरफोर्स की तरफ से जारी वीडियो में सेना के कमांडो को टेरेन मास्किंग एक्सरसाइज करते हुए देखा गया। ये एक खास तरह का सैन्य अभियान होता है, जो दुश्मन से छिपकर अपने मिशन को अंजाम तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। हालांकि एयरफोर्स ने अभ्यास ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

## 7वीं-8वीं शताब्दी में मुगलों ने भी इसे तोड़ा था

# जम्मू-कश्मीर के मार्तंड मंदिर में अयोध्या का कलश स्थापित

यह देश का सबसे पुराना सूर्य मंदिर | अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के चुनिंदा मंदिरों में भेजा कलश



### 1700 साल पुराना मंदिर

यह मंदिर 1700 साल पुराना है, जो देश का सबसे पुराना सूर्य मंदिर माना जाता है। हालांकि इसके सिर्फ अवशेष बचे हैं। जिस तरह बाबर ने मंदिर तोड़कर मस्जिद बनवाई थी। उसी तरह 7वीं-8वीं शताब्दी में इसे भी मुगलों ने तोड़ दिया था। यह मंदिर सूर्य उपासकों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र है।

भाषा ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में मार्तंड सूर्य मंदिर के परिसर में स्थित राम मंदिर में रविवार को अयोध्या से लाए गए कलश' को स्थापित किया गया। चुनिंदा राम मंदिरों में भेजे गए कलशों में से एक इस 'कलश' को उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के भक्तों की उपस्थिति में स्थानीय लोगों द्वारा स्थापित किया गया। राम मंदिर में कलश स्थापित करने के बाद एक स्थानीय श्रद्धालु ने कहा, 'हम इस सम्मान के लिए देश के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही प्रार्थना की कि कश्मीर में शांति और सद्भाव कायम रहे।'

### मंदिर में 84 स्तंभ

मार्तंड मंदिर में 84 स्तंभ हैं, जो नियमित अंतराल पर रखे गए हैं।इस मंदिर को बनाने के लिए चूने के पत्थर की चकोर इंटों का प्रयोग किया गया है। यह उस समय के कारिगरों की कुशलता को भी दर्शाता है। मार्तंड सूर्य मंदिर में 30 साल बाद 2022 में सूर्य हवन किया गया था। इससे पहले यहां 1990 में हवन और पूजा हुई थी। यह मंदिर अनंतनाग से पहलगाम के रास्ते में मार्तंड नामक स्थान पर स्थित है।

### भारत में चार प्रमुख सूर्य मंदिर

भारत में चार प्रमुख सूर्य मंदिर हैं। उड़ीसा, गुजरात, राजस्थान और कश्मीर में। उड़ीसा का कोणार्क सूर्य मंदिर, गुजरात के मेहसाणा को मोढेरा सूर्य मंदिर, राजस्थान के झालरापाटन का सूर्य मंदिर और कश्मीर का मार्तंड मंदिर।

## बंगाल में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**मुर्शिदाबाद(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रविवार को टीएमसी नेता सत्यन चौधरी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दरअसल, कुछ लोग बाइक पर आए थे, उन्होंने चौधरी पर फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। लोग सत्यन को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सत्यन चौधरी एक वक्त में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के करीबी हुआ करते थे। बाद में उन्होंने टीएमसी ज्वाइन कर ली।

## गैंगस्टर नीरज बवाना व नवीन बाली गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रविवार को गैंगस्टर नीरज बवाना और नवीन बाली गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर (स्पेशल सेल) एचजीएस धालीवाल ने बताया कि सुबेग सिंह और सौरभ को गिरफ्तार किया है। दोनों दिल्ली में हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले में फरार चल रहे थे। दोनों के मुनिरका इलाके में आने की सूचना मिली थी। स्पेशल सेल गैंगस्टर नीरज बवाना और नवीन बाली गिरोह के सदस्यों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए लगातार काम कर रही है।




## आज से बदलेगा मौसम, बारिश-ओले गिरने की संभावना

# फुहारों के रूप में गिर रहीं ओस की बूंदें, कंपकंपा रही शीतलहर

*पूरे प्रदेश में छाई धुंध, कोल्ड-डे का अलर्ट, गिर रहा पारा कई स्थानों पर दिनभर छाए रहे बादल, नहीं दिखे सूर्यदेव*

**जीद (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में कई दिनों से ओस की बूंदे फुहारों के रूप में गिर रही हैं। सुबह के समय सड़कें पूरी तरह से भीगी हुई मिलती हैं। इससे मौसम में लगातार ठंडक घुल रही है। जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है। हालांकि ये ओस की ये बूंदें फसलों के लिए लाभदायक हैं। प्रदेश में रविवार को कई स्थानों पर बादल छाए रहने से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। लोग घरों में दुबके रहे। ठंड को लेकर प्रदेश के 21 जिलों में कोल्ड डे और धुंध का अलर्ट जारी है। यहां घने कोहरे के साथ शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। राज्य के 5 जिले ऐसे हैं, जहां दिन का तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। सुबह-शाम धुंध का आलम बना हुआ है कि शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 10 मीटर तक ही विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई है।

### आज सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

पांडू पिडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. राजेश ने बताया की सोमवार से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। पहले इसका प्रभाव हरियाणा के पश्चिमी व दक्षिणी जिलों में देखने को मिलेगा। इसके बाद धीरे-धीरे यह प्रदेश के मध्य और फिर एनसीआर की तरफ बढ़ेगा। इस दौरान गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी और एक-दो स्थानों पर ओले गिरने की संभावना है। इस दौरान दिन व रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी, जिससे हाड़ कंपाने वाली ठंड से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि 11 जनवरी से फिर भीषण ठंड दस्तक देगी।



### हिसार में अंगीठी जलाकर सोए दो लोगों की मौत

हिसार। हिसार कैंट के पास रेलवे कॉलोनी में रहने वाले दो लोगों की अंगीठी की जहरीली गैस से मौत हो गई। मृतकों की पहचान यूपी के तवरेज मोहम्मद(27 ) व शिव धनी(40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये पड़ोसी की अंगीठी मांगकर लाए थे। रात को कमरे में जलाकर सो गए। जहरीले धुएं से दम घुटने से दोनों की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई कल पंचकूला में

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 9 जनवरी,को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एस सी ओ नंबर-96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### ढिल्लो कानून प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**चंडीगढ़।** इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श उपरांत इनेलो पार्टी के कानूनी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की। पार्टी ने रविवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की। जिसमें जसवीर ढिल्लो को कानूनी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं प्रदीप मेहता को सिरसा, राजेश शर्मा को फतेहाबाद, प्रदीप बाजिया को हिसार, अनिल सांगवान को भिवानी, अनिल फोगाट को चरखी दादरी व अन्य जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए।

### संकल्प यात्रा का खटौली पहुंचने पर स्वागत

**पंचकूला।** सरकार आपके द्वार अवधारणा को साकार करती हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद रविवार को गांव खटौली में पंहुची जहां गांववासियों में भरपूर उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर सामुदायिक केंद्र खटौली में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद एलईडी वैन के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल का लाइव संबोधन प्रसारित किया गया।

### महान समाज सुधारक थे संत रविदास

**चंडीगढ़।** सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज के 647 वें प्रकाश उत्सव पर बिलासपुर में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से बने यात्री निवास का उद्घाटन भी किया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि गुरु रविदास आध्यात्मिक गुरु, समाज सुधारक थे। उन्होंने अपनी आध्यात्मिक शिक्षा के जरिए समाज में भाईचारा कायम किया।

### परिवहन मंत्री ने स्कूल की आधारशिला रखी

**फरीदाबाद/चंडीगढ़।** परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवारको बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर- 22 में शहीद राजेश थापा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नए बहुमंजिला भवन की आधारशिला रखी। भूमि पूजन के साथ स्कूल के नए भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि करीब 5 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 3 मंजिल और करीब 36 कमरों के साथ यह भवन नवीनतम तकनीकी सुविधाओं से युक्त बनेगा। इस भवन का निर्माण हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा किया जाएगा

### नशे के खिलाफ नामधारी गुरुओं की भूमिका अहम

**सिरसा/ चंडीगढ़।** ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने रविवार को जिला सिरसा में श्री गुरदेव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गुरदेव इंडोर स्टेडियम संतनगर में आयोजित खुला अखाड़ा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रणजीत सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र नामधारी गुरुओं की कृपा वाला क्षेत्र है और गुरुओं की अपार कृपा होने के कारण क्षेत्र में सदा ही खुशहाली नजर आती है। नामधारी पंथ के लोगों ने सामाजिक बुराइयों व नशे को दूर करने के लिए सदैव सराहनीय प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है तथा पूरे प्रदेश में विकास की लहर चल रही है। पिछले नौ सालों में सरकार ने प्रदेश के हर क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।

# जब कांग्रेस सत्ता में थी तो जांच एजेंसियों का करती थी दुरुपयोग : कैप्टन अभिमन्यु

## प्रदेश की जनता सभी लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री की झोली में डालने का काम करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा द्वारा प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों के जीतने के बयान पर बोलते हुए कहा कि नींद में सपने में आदमी बहुत कुछ सोच लेता है। दस की दस सीटों पर 2019 में कमल खिला था इस बार भी 10 की 10 सीटें भाजपा को प्रदेश की जनता जिताएंगी। उन्होंने कहा कि जांच एंजेसियां भ्रष्टाचार पर नकेल कसने में जुटी हुई है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश की जनता लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहती है। निश्चित रूप से प्रदेश की दस की दस सीटें पीएम नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम प्रदेश की जनता करेंगी। पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु रविवार को पुरानी मंडी में राजेश कोथ के प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

■ सांसद दीपेंद्र हुड्डा के बयान पर बोले, वह नींद में सपने देख रहे



**कांग्रेस ने कभी भी लोकतांत्रिक प्रणाली को महत्व नहीं दिया :** वरिष्ठ भाजपा नेता ने कांग्रेस द्वारा प्रदेश में चलाए जाने वाले घर-घर कांग्रेस अभियान पर बोलते हुए कहा कि जिन पार्टियों ने कभी लोकतांत्रिक प्रणाली, जनता को महत्व नहीं दिया। ये पार्टियां परिवारवाद से ग्रस्त है। जिन्होंने केवल जातिवाद फैलाकर राजनीति में सफलता प्राप्त करके सरकारें बनाई। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से भाजपा का कार्यकर्ता गांव-गांव, बूथ-बूथ, घर-घर जाता है अब कांग्रेस को भी ध्यान में आया कि जनता के बीच में जाना पड़ेगा। जब वो जनता के बीच में जाएंगे तो निश्चित तौर देश की आजादी के 75 साल में से 60 साल तक राज करने का हिसाब देना होगा।

### सांसद के घर 350 करोड़ मिले कांग्रेस ने जवाब नहीं दिया

विपक्ष द्वारा सरकार पर ईडी का दुरुपयोग करने के बयान पर बोलते हुए पूर्व वित्तमंत्री ने कहा कि कांग्रेस इस बात जवाब दे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब गुजरात के सीएम थे और अमित शाह गुजरात के गृह मंत्री थे तो कोई कारण नहीं था उस समय उनके ऊपर बड़े गंभीर से गंभीर केस लगाए। पीएम नरेंद्र मोदी ने बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री होते हुए पूरा-पूरा दिन सीबीआई एजेंसी की जांच में सहयोग देते हुए उपस्थित रहे। कभी इस प्रकार का शोर नहीं मचाया। आज देश को किसी ने भी लूटा है तो जांच एजेंसी अपना काम करती है। एक कांग्रेस सांसद के घर 350 करोड़ रुपए मिलते हो तो क्या उस पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। इस पर कांग्रेस कभी जवाब नहीं देती है। इस मौके पर अमित करसिंधु, अनूज कोथ, रामपाल करसिंधु, बलवान शर्मा, रामचंद्र अत्री, ओमप्रकाश, सतपाल मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी करने वालों से संवाद किया

# प्रदेश में 28000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगी, लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज देश व प्रदेश में पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ स्वतः उनके घर द्वार पर मिल रहा है। पूर्व की सरकारों की भांति लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्होंने कहा कि पिछले आठ साल में 28,000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आम जनता की तकलीफों को दूर करने और समाज में अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति की जरूरत को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।


■ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ स्वत: मिल रहा : सीएम

इस दिशा में देशभर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो किसी कारणवश अभी तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में यह यात्रा अहम भूमिका निभा रही है और इस स्वपन को हम सभी को मिलकर पूरा करना है। मुख्यमंत्री यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी कर रहे लोगों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि यात्रा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य है कि भारत देश विकसित देशों की श्रेणी में कैसे आए। आज दुनिया के लगभग 200 देशों में 37 देश ऐसे हैं जो विकसित श्रेणी में आते हैं। प्रधानमंत्री ने विज़न रखा है कि आने वाले 25 साल अर्थात देश को जब आजाद हुए 100 साल पूरे होंगे तब वर्ष 2047 में भारत भी विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आए, जहां हर नागरिक की आवश्यकता पूरी हो। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान- शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान, यह हर नागरिक को सुलभ तरीके से मिलेगा, तो उस दिन हमारा देश विकसित होगा।

### उद्योगों को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 लाख से अधिक सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने का लक्ष्य रखा है, ताकि लोगों को रोजगार के अवसर मिलें। हरियाणा में भी राज्य सरकार ने हर ब्लॉक में सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने की योजना बनाई है। इसके अलावा, राज्य में लगभग 65 हजार स्वयं सहायता समूहों से लगभग 65 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। ये समूह अपने छोटे छोटे उत्पाद बनाते हैं और मेलों व बाजार के माध्यम से बेचते हैं। राज्य सरकार ने शहरों में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सांझा बाजार की परिकल्पना की है, जिसके तहत समूह अपने उत्पाद बेचने के लिए दुकानों की बुकिंग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में फूड प्रोसेसिंग उद्योग बढ़े हैं और पिछले आठ वर्षों में लगभग 28,000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिला है।

### पिछली सरकार के तीन सी- करप्शन, क्राइम और कास्ट बेस पॉलिटिक्स को किया खत्म



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हरियाणा में 7 स्टार विकास की दिशा में बढ़ रहे हैं यानि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सेवा और सुशासन। इसके आधार पर हम नागरिकों को बहुत सी सेवाएं दे रहे है। लेकिन पिछली सरकारों की छोटी सोच ने समाज को बहुत ही समस्याओं में डाल दिया । इनमें मुख्यतः थ्री-सी हैं, यानि करप्शन, क्राइम और कास्ट बेस्ड पॉलिटिक्स। पिछली सरकारों ने लोगों को जातिगत राजनीति में झोंक दिया और जातियों में बांट कर रख दिया। उन्होंने कहा कि हमने जब वर्ष 2014 में सरकार बनाई, उस समय हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा दिया। सामाजिक समरसता पर चलते हुए हमने सभी योजनाओं का लाभ नागरिकों को दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं व सुविधाओं पर सबसे पहला हक गरीब का है, चाहे वह किसी भी जाति का हो। इसलिए अंत्योदय दर्शन के अनुरूप राज्य सरकार गरीबों को लाभ प्रदान कर रही है।

### 5099 कार्यक्रमों में 37 लाख से अधिक लोगों ने की भागीदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनमानस की शिकायतों को दूर करने और सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से अप्रैल, 2023 से हरियाणा में जनसंवाद के कार्यक्रम शुरू किए गए। लगभग 115 कार्यक्रम उन्होंने स्वयं किए और अन्य मंत्रीगण, सांसदों व विधायकों द्वारा भी जन संवाद के कार्यक्रम किए गए। इस प्रकार कुल 1000 से ज्यादा कार्यक्रम हो चुके थे। सभी गांवों और वार्डों को कवर करते हुए ऐसे 8300 कार्यक्रम किए जाने थे। लेकिन इस दौरान जब प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की तो हमने जनसंवाद कार्यक्रम को भी इस यात्रा के साथ जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 30 नवंबर, 2023 को जिला फरीदाबाद के फतेहपुर बिलौच गांव से विकसित भारत संकल्प यात्रा की विधिवत शुरुआत की गई और इस दौरान आज तक लगभग 5099 कार्यक्रम हो चुके हैं, जिनमें 37 लाख से अधिक लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। शेष 3300 कार्यक्रम भी 25 जनवरी तक पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर गांव में पहुँच रही है और बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठा रहे हैं।

### 642000 लोगों की स्वास्थ्य जांच, 7.35 लाख आयुष्मान कार्ड जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान लोगों को केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, मुद्रा योजना, स्वामित्व योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य शिविरों में लगभग 6 लाख 42 हजार से अधिक लोगों की जांच की गई है और लगभग 4.39 लाख से ज्यादा लोगों की टीबी की जांच की गई। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 29 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। 7.35 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। सुरक्षा बीमा योजना में 52,000 लोगों का पंजीकरण हुआ है। चिरायु हरियाणा योजना में 1.10 लाख नये लाभार्थी जोड़े गए हैं। पीएम स्वनिधि में लगभग 10,000 लोगों का पंजीकरण हुआ है।

# रामलला के दर्शन को वीवीआईपी भी आतुर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

रामलला के दर्शन करने और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने के लिए आम हो या खास सभी तैयारी में हैं। हरियाणा से भी अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने के लिए वीवीआईपी भी कतार में हैं। मुख्यमंत्री मनोहरलाल, गृह मंत्री अनिल विज और विस अध्यक्ष से लेकर तमाम दिग्गज अयोध्या जाने की तैयारी में हैं। गृह मंत्री अनिल विज जहां अपने विधानसभा क्षेत्र से 22 जनवरी के बाद में ट्रेन बुक कराने की तैयारी में हैं। वहीं वे खुद श्रद्धालुओं के साथ इस ट्रेन में सवार होंगे। इसके लिए विधिवित उन्होंने घोषणा कर दी है, रेलवे के अफसरों से वार्ता भी कर ली गई है। विज चाहते हैं कि एसी ट्रेन में जाएं, साथ ही इसमें तमाम खानपान की व्यवस्था से लेकर सारे इंतजाम किए जाएं तीर्थन दर्शन के लिए जाने वाले लोगों को दिक्कत नहीं हो। इसके लिए विधिवत जनवरी अंत अथवा फरवरी में यह कार्यक्रम निर्धारत कर जल्द ही तारीख का एलान भी करदिया जाएगा। इसके अलावा सूबे के मुख्यमंत्री मनोहरलाल भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की तैयारी में हैं। सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत बुजुर्ग अयोध्या, वाराणसी, बनारस, उज्जैन, खाटू श्याम, बालाजी, शिरडी, पटना साहिब, मथुरा-वृंदावन और काशी सहित अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकेंगे।

■ मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व अन्य वरिष्ठ नेता भी जाने को तैयार

### तीर्थदर्शन के लिए पोर्टल पर पंजीकरण

इसके लिए घोषणा के बाद में राज्य की मनोहरलाल सरकार ने पोर्टल पर पंजीकरण कराने को कहा है। बुजुर्गों को यह बताना होगा कि वे कहा कौन से धार्मिक स्थल पर कब किस माह में सफर करना चाहते हैं। आवेदन करने के बाद सरकार तारीख तय करने का काम सरकार की ओर से अफसर करेंगे। जिसके बाद में ट्रेन के जरिये बुजुर्गों को तीर्थस्थल पर भेजा जाएगा । हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता भी राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे हैं, वे भी रामलला के दर्शनो को लेकर अपने समर्थको के साथ में जाने की तैयारी में है। गुप्ता ने मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहकर संघर्ष किया और बंद भी रहे। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा अन्य वरिष्ठ नेता भी अपने अपने हिसाब से कार्यक्रम बनाने में जुटे हैं। इनता ही नहीं पूर्व और वर्तमान विधायक भी भाजपा, कांग्रेस सभी पार्टियों से रामलला के दर्शनों की इच्छा जाहिर कर चुके है। कुल मिलाकर हरियाणा स बड़ी संख्या में लोग राम मन्दिर दर्शन करने की तैयारी में है।

लोगों में उत्साहः रामलला के दर्शन करने की चाहत हरियाणा से भी लोग बड़ी संख्या में जाएंगे। हर जिले और गांव से हरियाणा के बुजुर्ग और युवा जाने की तैयारी में है.प्राण प्रतिष्ठा समारोह और उसके ठीक बाद तक की बुकिंग बड़ी संख्या में हैं।

सरकार, संघ और विहिप

सूबे के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने भी बुजुर्गों को 22 जनवरी के बाद में दर्शन कराने के लिए ले जाया जाएगा। बुजुर्गों को तीर्थयात्रा के तहत ही यह यात्रा कराई जा सकती, राज्य सरकार की ओर से इसके लिए तैयारी कर ली गई है।

## बहादुरगढ़ में दो जूता फैक्ट्रियों में आग लगी



### कई जिलों से पहुंची दमकल गाड़ियां

बहादुरगढ़। एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-17 में स्थित जूता बनाने वाली दो विख्यात कंपनियों में आग लग गई। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। इससे फैक्ट्री मालिकों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग इतनी भीषण थी कि शहर के बाईपास से ही आसमान में बादलों की तरह काला धुआं नजर आ रहा था। बहादुरगढ़ के अलावा झज्जर, रोहतक, खरखौदा, सोनीपत व दिल्ली की डेढ़ दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी थी। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

## भ्रूण लिंग जांच रोकने में सरकार विफल : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार ने हरियाणा की धरती से बेटी बचाओ-पढ़ाओ का नारा दिया, लेकिन इस नारे पर प्रदेश की सरकार ही पलीता लगाने में जुटी हुई है। अवैध गर्भपात व भ्रूण लिंग जांच के मामले में हरियाणा देश में टॉप पर बना हुआ है। प्रदेश में पीएनडीटी एक्ट 1994 व एमटीपी एक्ट 1971 को सख्ती से लागू करने की दिशा में सही ढंग से काम नहीं हो पा रहा है। सैलजा ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न राज्यों में गर्भस्थ शिशु की लिंग जांच और गैरकानूनी तरीके से गर्भपात के संदर्भ में एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में गर्भस्थ शिशु की लिंग जांच को रोकने के लिए बनाए गए कानून पीएनडीटी और इस तरह की जांच के बाद होने वाले अवैध गर्भपातों को रोकने के लिए बनाए गए कानून पर दर्ज मामलों का उल्लेख है।



## पटवारी और कानूनगो की मांगों को लेकर सरकार जल्द फैसला ले: लांबा

**चंडीगढ़।** सरकार की वायदा खिलाफी के खिलाफ प्रदेश राजस्व पटवारी एवं कानूनगो 10 जनवरी तक हड़ताल पर चले गए हैं। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष सुभाष लांबा ने हड़ताल का पुरजोर समर्थन किया है और मुख्यमंत्री से मामले में शीघ्र अतिशीघ्र हस्तक्षेप कर वेतनमान की विसंगति दूर करने की अधिसूचना को रिवाइज कर हड़ताल समाप्त करवाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि राज्य के राजस्व पटवारी एवं कानूनगो 25500 - 32100 वेतन बढ़ोतरी की अधिसूचना को 25 जनवरी,2023 की बजाय पहली जनवरी,2016 से फिक्सेशन करने और 25 जनवरी 2023 से लागू करने की मांग को लेकर 3 जनवरी से 5 जनवरी तक हड़ताल पर थे। लेकिन सरकार ने इस हड़ताल को गंभीरता से नहीं लिया और बातचीत की कोई पहल नहीं की। इसलिए अब यह हड़ताल 10 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान जयवीर सिंह चहल ने कहा कि जब तक अधिसूचना में संशोधन नहीं किया जाएगा हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उनकी अन्य मांगों में रिक्त पदों को भरने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा का आयोजन करना आदि भी शामिल है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि तीन से हड़ताल चल रही है।

■ अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष ने कर्मचारियों का समर्थन किया

### फरीदाबाद में दो जगह आग लगी, नुकसान

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में रविवार को अलग-अलग दो स्थानों पर आग लग गई। सुबह पहले रेलवे स्टेशन के परिसर में तथा दोपहर बाद विधायक के भाई की कम्पनी में आग लग गई। स्टेशन परिसर की आग से कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन कम्पनी में आग लगने से दो लोग घायल हो गए तथा करोड़ों का सामान जलकर स्वाह हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की पांच दर्जनों गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। फरीदाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार सुबह प्लास्टिक के सामान में आग लग गई, लेकिन कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों ने पानी की मोटर चलाकर आग पर काबू पाया।

## बदलाव यात्रा सफल, अब जींद में बदलाव रैली 28 को : गुप्ता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान राज्यसभा में दूसरी बार नाम नहीं होने पर कहा कि मैं हरियाणा के लिए काम करना चाहता हूं। इससे पूर्व, उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा में चार जगहों से निकाली आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा काफी सफल रही है। जिसके बाद 28 जनवरी को जींद में एक बदलाव रैली की जाएगी। इस रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री जनता को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बदलाव रैली में पूरे प्रदेश से भारी संख्या में लोग पहुचेंगे। ताकि इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंके, हरियाणा में बढ़ते जा रहे नशे पर लगाम लगाई जा सके और बरोजगारी खत्म हो जिससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिल सके। इसके अलावा उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी चाहती है कि हरियाणा में भी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर अच्छे स्कूल, अच्छे अस्पताल बनें, 24 घंटे बिजली-पानी मिले और मुफ्त मिले। राज्यसभा में दूसरी बार नाम नहीं होने के सवाल पर पत्रकारों से उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा के लिए काम करना चाहता हूं। संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता को मेरी शुभकामनाएं हैं। जैसे पहले राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसदों ने जनता की आवाज को उठाया, अब और मजबूती से जनता के मुद्दों को उठाया उठाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक द्वारा मुझसे पूछा गया था लेकिन मैंने उनको बताया कि हरियाणा में सरकार बनाना ज्यादा जरूरी है। इसलिए मैं हरियाणा पर फोकस करना चाहता हूं और हरियाणा में पूरी मजबूती से आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएंगे।



■ पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जनता को संबोधित करेंगे

## बिजली निगम की वर्कशॉप से लाखों का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में बिजली निगम के स्टोर से लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। विभाग के कर्मचारी ने मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वर्कशॉप में लगे सीसीटीवी में दो अज्ञात युवक चोरी करते हुए दिखाई दे रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

बिजली निगम में तैनात रूपेश जेई का फोन आया कि स्टोर व वर्कशॉप सोनीपत से गत 5 व 6 जनवरी की रात को किसी ने सामान चोरी कर लिया है। सामान की जांच की तो स्टोर व वर्कशॉप से एचटी व एलटी ब्रांस रॉड 350 केजी व एलुमिनियम थमल सहित अन्य सामान चोरी पाया गया। जिसकी कीमत लाखों रुपये की है। सीसीटीवी की जांच की तो उसमें दो अज्ञात चोर दिखाई दे रहे है। मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी को कब्जे में ले लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों की शिनाख्त की जाएगी।




■ वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुलिस ने केस दर्ज किया

# जींद: 28 एकड़ में फैला है पंछी प्रवास स्थल प्राकृतिक मिल रहा माहौल

# कम्यूनिटी रिजर्व के रूप में उभरेगा कालवन प्रवासी पंछी स्थल
## विदेशी पंछियों की बढेगी सुरक्षा, पर्यटन स्थल के रूप में भी उभरेगा

सतेंद्र पंडित ▶▶| जींद

सर्दियों के मौसम में विदेशी पंछियों से गुलजार रहने वाले जिले के गांव कालवन के महर्षि दयानंद सरस्वती प्रवासी पक्षी संरक्षण स्थल को वन्य प्राणी विभाग कम्यूनिटी रिजर्व बनाने की योजना बनाई है ताकि पंछी संरक्षण स्थल पर्यटन स्थल के रूप में उभरे। योजना के तहत पछी सरक्षण स्थल की बाउडरी बनाना तथा पंछियों पर नजर रखने के लिए इंटर सैप्टर कक्ष की स्थापना करना है। जिससे विदेशी पंछियों को सुरक्षा भी मिलेगी ओर उन पर नजर भी रखी जा सकेगी। योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए ग्राम पंचायत की अप्रूवल का इंतजार वन्य प्राणी विभाग को है। जमीन भी पंचायत के नाम ही रहेगी।

**खास बातें**

- पंछी स्थल के चोरां तरफ बाउंडरी, इंटर सैप्टर रूम बनाने की योजना
- 50 से ज्यादा प्रजातियों के तीन हजार से ज्यादा विदेशी पंछी पहुंचते हैं प्रवास स्थल पर

**पंछी प्रवास से प्राकृतिक माहौल मिल रहा**




गांव कालवन में विदेशी पंछी प्रवास स्थल लगभग 28 एकड़ में फैला हुआ है। तापमान दस डिग्री के आसपास आने के साथ विदेशी मेहमान पक्षियों का आगमन भी तेज हो गया है। विदेशी पंछियों को यह प्रवास स्थल खूब रास आ रहा है। आबादी से हट कर तालाब के चारों तरफ अच्छी खासी संख्या में पेड़ पौधे हैं। जो पंछियों को उनके माहौल के अनुरूप बनाते हैं और पंछियों को संरक्षण भी यहां पर मिलता है।

**50 तरह की विदेशी प्रजातियां पंछी यहां पहुंचे**

कालवन पंछी प्रवास स्थल में नवंबर के अंतिम सप्ताह में साइबेरिया, यूरोप, चाइना, भुटान समेत अन्य ठंडे इलाकों से विदेशी पंछियों का आगमन शुरु हो गया था। तीन हजार से ज्यादा 50 प्रजातियों के पंछी यहां पर पहुंच चुके हैं। जिनमे मुख्य तौर पर चाइना से ग्रेटर कोरमोनेंट, कॉमन क्यूट, भुटान से पोचार्ड, चाइना से नॉर्दन सावर, मैलार्ड, नोदर्न पिंटी, साइबेरिया से लार्जर विसलिंग डक, पाइट एवोस्ट, यूरोप से ग्रेटर फलेमिंगो बार हैडिड गुज समेत अन्य प्रजातियों के पंछी शामिल हैं।

**बढ़ेगा पर्यटन**

कालवन के पछी संरक्षण केंद्र का कम्युनिटी रिर्जव बदलने की योजना वन्य प्राणी विभाग ने बनाई है ताकि पंछी प्रेमी यहां पर आएं ओर यह स्थल पर्यटन स्थल के रूप में उभरे। जिससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। योजना के तहत पंछियों की सुरक्षा के लिए बाउंडरी बनाना तथा इंटर सैप्टर कक्ष की स्थापना करना, पगडंडिया बनाना शामिल हैं। जिसके साथ पंछियों पर नजर रखने के लिए स्थायी स्टाफ की भी नियुक्ति की जाएगी।

**रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे**

बताया कि पंछी संरक्षण स्थल को कम्यूनिटी रिर्जव में बदलने की योजना बनाई है ताकि पर्यटन स्थल के रूप में पंछी स्थल उभरे। जिससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। कम्युनिटी रिजर्व को विकसित तथा देखरेख वन्य प्राणी विभाग करेगा। पंचायत प्रस्ताव का इंतजार है। जमीन पंचायत के ही नाम रहेगी। कम्युनिटी रिर्जव बनने से गांव को भी काफी फायदा होगा।
**-मनबीर खटकड़**, वन्य प्राणी विभाग के निरीक्षक

**खबर संक्षेप**

### अवकाश के बावजूद खुले स्कूल, कार्रवाई को लिखा

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार के आदेशों की अवहेलना करना कुछ निजी स्कूलों को भारी पड़ सकता है। आदेशों की अनदेखी करके अवकाश नहीं करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिख दिया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर के निदेशों पर जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय की ओर से शिक्षा विभाग के निदेशक को इस बारे में पत्र लिखा गया है।

### रतिया क्षेत्र से पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने के आरोप में फतेहाबाद पुलिस ने रतिया एरिया से एक युवक को पिस्तौल व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस टीम एचसी विनोद कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव ढाणी बबनपुर की तरफ जा रही थी। जैसे ही टीम ढाणी बबनपुर में घग्घर पुल के पास पहुंची तो गांव की ओर से पैदल आ रहा एक युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और एकदम वापस मुड़कर तेज कदमों से गांव की तरफ जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया।

### जमीनी विवाद मे तीन घायल, सात पर केस

**जींद।** गांव छातर मे जमीन विवाद को झगड़े में तीन लोगों के घायल होने पर अलेवा थाना पुलिस ने सात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाच कर रही है। गांव छातर निवासी किताब सिह ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसके बड़े बेटे रामेहर तथा छोटे बेटे विरेद्र के बीच जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है।

### लोन दिलवाने के नाम पर हड़पे 48 हजार रुपये

**यमुनानगर।** गांव जडौदी निवासी अजय कुमार से टैंट की दुकान के लिए पांच लाख रुपये का लोन दिलवाने के नाम पर गुरमीत ने 48 हजार रुपये हड़प लिए। आरोपी ने खुद को पुलिस कर्मचारी बताया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिजली निगम कर्मचारी है।

# इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर चौथे दिन भी छापे
## ईडी की टीम ने खंगाले कागजात, विधायक के समर्थकों की चिंता बढ़ी

- टीम ने पहले ही 5 करोड़ कैश, 3 गोल्ड बिस्कुट, शराब की 100 से ज्यादा बोतलें, विदेश में बनाई कई संपत्तियों के कागजात, 5 राइफलें, कारतूस समेत अन्य चीजें बरामद की
- घर के भीतर और बाहर नहीं करने दिया किसी को प्रवेश


इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह


सूनसान पड़ा पूर्व विधायक का घर। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम द्वारा रविवार को चौथे दिन भी पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर में दिन भर जांच की गई। चौथे दिन भी ईडी की टीम ने दिन भर जांच की और घर के भीतर ना तो किसी को जाने दिया और ना ही किसी को बाहर निकलने दिया गया। कई दिन से चल रही जांच को लेकर पूर्व विधायक के समर्थक भी चिंतित होने लगे हैं। अभी तक ईडी द्वारा पूर्व विधायक व उनके करीबियों के यहां की गई जांच के दौरान पांच करोड़ रुपये का कैश, तीन सोने के बिस्कुट, विदेशी शराब की 138 बोतलें, पांच देसी-विदेशी (बंदुक व राइफल) व करीब 294 कारतूस और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज कब्जे में लिए जा चुके हैं। वहीं, ईडी द्वारा प्रतापनगर थाना में आर्म्ज एक्ट और आबकारी एक्ट के तहत दो मामले भी दर्ज करवाए जा चुके हैं। जिनमें पुलिस जांच करने में लगी है।

**गुरुवार सुबह सात बजे से चल रही जांच**

गत वीरवार सुबह सात बजे से इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर ईडी की टीम जांच कर रही है। रविवार को भी ईडी की टीम दिन भर पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर मौजूद रही। चौथे दिन भी ईडी की टीम ने ना तो खुद और ना ही पूर्व विधायक के किसी भी परिजन के साथ मीडिया का संपर्क होने दिया गया। अन्य दिनों की तरह रविवार को भी दिन भर ईडी की टीम ने घ्र के भीतर आने जाने नहीं दिया गया और जांच स्थल के द्वार पर केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल के (सीआरपीएफ) के जवान तैनात रहे।

**दो मामले किए जा चुके हैं दर्ज**

ईडी की टीम द्वारा अभी तक जांच में मिले असले व विदेशी शराब को लेकर प्रताप नगर में दो मामले दर्ज किए जा चुके हैं। जिनमें पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। मामले दर्ज किए जाने की पुष्टि गत शनिवार को एएसपी हिमाद्री कौशिक भी कर चुकी हैं।

**चार दिन से पूर्व विधायक से नहीं हो पा रहा संपर्क**

पिछले चार दिन से पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर चल रही ईडी की जांच को लेकर अब उनके समर्थक भी चिंतित होने लगे हैं। पूर्व विधायक के समर्थकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि चार दिन से लगातार पूर्व विधायक से उनका संपर्क नहीं हो पा रहा है। इतनी लंबी जांच चलने से उनकी चिंताएं बढ़ रही हैं।

# फर्जी दस्तावेज से प्लॉट बेचकर कंपनी ने लगाई 1.44 करोड़ की चपत

- रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सुशांत लोक थाना एरिया में इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा फर्जी दस्तावेज के जरिए प्लॉट बेचकर एक व्यक्ति को 1.44 करोड़ की चपत लगा दी। कंपनी ने पीड़ित को दो प्लॉट बेचे, जिसमें अन्य लोगों को साजबाज करके रजर्स्ट्री भी करा दी। पुलिस ने मामले में कंपनी के निदेशक व उसके पुत्र, एडवोकेट व गवाह पर केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-10 के ओमवीर यादव ने कहा कि उसने सीजीआर इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से दो प्लॉट 74 लाख व 70 लाख रुपए में खरीदे थे। कंपनी का निदेशक ज्ञानचंद व उसका पुत्र चंद्रप्रकाश है। उसने कंपनी को एक करोड़ छह लाख रुपये का चेक दिया था और बाकी का भुगतान नकद किया था। कंपनी ने दोनों प्लॉट की रजर्स्ट्री भी करा दी, जिसकी स्टैंप ड्यूटी व कागजात पर भी उसके लाखों रुपये खर्च हुए। करीब 15 दिन पहले ओमवीर अपने दोनों प्लॉटों पर चारदीवारी बनवाने के लिए पहुंचा तो पता चला कि ये प्लॉट किसी और व्यक्ति के हैं। कंपनी ने फर्जी दस्तावेज के जरिए उसके नाम प्लाटों की रजिस्ट्री कराई थी।

### फतेहाबाद: पुर्तगाल और लंदन भेजने के नाम पर दो भाइयों से ठगे 24 लाख

**फतेहाबाद।** दो भाइयों को पुर्तगाल व लंदन भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का एक मामले सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अहरवां हाल गुरुनानकपुरा मोहल्ला फतेहाबाद निवासी परविन्द्र सिंह ने कहा है कि उसने व उसके चचेरे भाई अरविन्द्र ने विदेश जाना था। दोनों ने आईलेट्स व पीटी की कोचिंग बत्रा धर्मशाला के पास स्थित एक सैंटर से लेनी शुरू कर दी। इसी दौरान उनकी पहचान सचिन नामक युवक से हुई जोकि उनके साथ कोचिंग सैंटर पर आता था। सचिन ने उन्हें वर्क वीजा व स्टडी वीजा दिलवाने का आश्वासन दिया और कहा कि वह उसे पुर्तगाल व अरविन्द्र को लंदन भेज देगा। सचिन ने उनकी मुलाकात आईलेट्स एंड वीजा कंसलटेंसी, फतेहाबाद के सुशील कुमार निवासी एमपी रोही से करवाई। सुशील ने भी उसके परिजनों को पुर्तगाल व लंदन यूनिवर्सिटी भेजने का विश्वास दिलाया और दोनों वीजा पर कुल 32 लाख 50 हजार का खर्च बताया। इस पर उन्होंने नवम्बर 2022 से जून 2023 तक कुल 14 लाख रुपये सुशील को दे दिए। 1 लाख 10 हजार रुपये मनीष नामक व्यक्ति के खाते में जमा करवाए। इस तरह उन्होंने कुल 24 लाख का भुगतान कर दिया।

### घर से दो लाख व जेवरात समेटकर बच्ची सहित महिला फरार

**गुरुग्राम।** पटौदी थाना एरिया में बिमार युवती को उसके परिजन डॉक्टर के पास दिखाने के लिए गए तो पीछे से महिला घर से दो लाख रुपए व जेवरात समेटकर बच्ची लेकर फरार हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पटौदी के पूर्ण ने कहा कि उसके अपने पुत्र मनीष की शादी राजस्थान के झुंझनू रोमा के साथ की थी। शादी के बाद सभी घर में खुशी से रह रहे थे। वहीं शनिवार को उनकी भतीजी सरिता बिमार हो गई थी। ऐसे में घर के लोग सरिता को लेकर चिकत्सिक के यहां चले गए। घर में केवल रोमा और उसके साथ तीन-चार साल की बच्ची टिवंकल ही थी। जब सभी वापिस घर आए तो रोमा व बच्ची घर में नहीं मिली। उसका फोन भी बंद मिला। उसे आस-पास तलाश किया गया लेकिन पता नहीं चला।

# सीआईए टीम ने चरस के साथ बाइक सवार दबोचा

- पकड़े गए व्यक्ति समेत दो पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीन्द

सीआईए स्टाफ ने नरवाना की चमेला कालोनी के निकट ठडी सडक पर बिना नबर प्लेट बाइक सवार को काबू कर उसके कब्जे आधा किलोग्राम चरस बरामद की है। उसने नरवाना के ही व्यक्ति से चरस को खरीदा था। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति समेत दो लोगों के खिलाफ नशीला पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गाव धर्मगढ़ निवासी अनिल नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करता है। वह नशीले पदार्थ बेचने के लिए बिना नबर प्लेट की बाइक पर सवार होकर नरवाना की चमेला कालोनी मे आने वाला है। सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने ठडी सड़क पर नाकाबंदी कर आने जाने वालो पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद बिना नबर प्लेट की बाइक पर सवार आता दिखाई दिया। जो पुलिस पार्टी को देखकर वापस जाने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर व्यक्ति का काबू कर लिया।


**जींद।** सीआईए नरवाना पुलिस की हिरासत में नशा तस्कर।

### कनाडा भेजने का झांसा देकर 22 लाख व 900 डॉलर ठगे

**पानीपत।** पानीपत के गांव बापौली के रहने वाले तीन युवकों को वर्क परमिट पर कनाडा भेजने के नाम पर 22 लाख 50 हजार रुपये व 900 अमेरिकन डॉलर हड़प लिए। आरोपियों ने युवकों को थाईलैंड भेज कर गुमराह किया। इसके बाद रुपये हड़प कर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के नाम पर वापस इंडिया बुला लिया। इसके बाद से उनसे संपर्क नहीं किया। वहीं पीडितों की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, बापौली थाना पुलिस को दी शिकायत में दीपक निवासी गांव बापौली ने बताया कि गत वर्ष जनवरी में उसके घर दो सगे भाई अमित और सुमित निवासी गांव बापौली आए थे। वर्क परमिट के आधार पर लोगों को कनाडा का वीजा दिलवाता है।

**पुलिस ओल्ड दिल्ली रोड पर दिव्या का मोबाइल व पिस्टल की कर रही तलाश**

# मॉडल दिव्या मर्डर केस में अभिजीत की नई गर्लफ्रेंड बनेगी सरकारी गवाह

- अभिजीत की गर्लफ्रेंड के दिल्ली निवास पर पहुंची एसआईटी की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गैंगस्टर संदीप गाडोली की मॉडल गर्लफ्रेंड दिव्या पाहुजा मर्डर केस में मुख्य आरोपी अभिजीत की नई गर्लफ्रेंड को सरकारी गवाह बनाने की तैयारी चल रही है। गुरुग्राम पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) अभिजीत के गर्लफ्रेंड के दिल्ली निवास पहुंची और उससे पूछताछ की। वहीं पुलिस की टीमें ओल्ड दिल्ली रोड पर दिव्या का मोबाइल व यूज की पिस्टल की तलाश में सर्च कर रही।


मॉडल दिव्या (फाइल फोटो)

**सारे सबूत मिटाना चाहता था आरोपी**

अभिजीत ने पुलिस को बताया कि वह दिव्या के मर्डर से जुड़े हर सबूत को नष्ट करना चाहता था। उसने दिव्य की लाश को बीएमडब्ल्यू गाड़ी में डालकर बलराज और रवि को दे दिया। वहीं इसके बाद दिव्या का आईफोन, आईकार्ड और गोली मारने में यूज पस्टिल ओल्ड दिल्ली रोड पर कहीं फेंक दी है।

**हत्या के सबूत मिटाने से मना किया**

मॉडल दिव्या केस में जांच के लिए गठित की गई एसआईटी दिल्ली के नजफगढ़ में रहने वाली अभिजीत की गर्लफ्रेंड के निवास पर पहुंची। जहां युवती ने एसआईटी को बताया कि दिव्या का मर्डर करने के बाद अभिजीत ने उसे गुडगांव रुग्राम होटल में उसने दिव्या की लाश देखी तो अभिजीत ने उसे लाश ठिकाने लगाने और सबूत मिटाने को कहा। लेकिन, उसने ऐसा करने से साफ मना कर दिया।

**दिव्या की लाश नहीं मिली**

मॉडल दिव्या पाहुजा की हत्या 2 जनवरी को होटल सिटी पॉइंट के रूम नंबर 111 में की गई थी। दिव्या की बॉडी को आरोपी अभिजीत ने अपने दोस्त बलराज गिल और रवि बांगा को बीएमडब्ल्यू गाड़ी में डालकर दे दिया।

**फतेहाबाद में घटना, परिजनों पर केस दर्ज**

# पुलिस टीम पर हमला कर गिरफ्तार आरोपी को भगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



रतिया अदालत द्वारा जारी वारंट के बाद शस्त्र अधिनियम के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर उसके परिजनों द्वारा हमला करने और आरोपी को पुलिस हिरासत से छुड़ाकर भगाने का मामला सामने आया है। इस बारे रतिया पुलिस ने फरार आरोपी के परिजनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में रतिया थाने में कार्यरत ईएएसआई अवतार सिंह ने कहा है कि वह रतिया थाने में बतौर अनुसंधानकर्ता तैनात है। शस्त्र अधिनियम के एक मामले में आरोपी बूटा सिंह निवासी नहर कालोनी रतिया हाल चन्दोकलां के माननीय अदालत से गैर हाजिर होने पर गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। वह वारंट की तामिल हेतु श्यानिवार को पुलिस टीम के साथ गांव चंदोकलां के चौकीदार हेतराम को साथ लेकर आरोपी बूटा सिंह के घर पर रैड की थी। आरोपी बूटा सिंह उन्हें घर पर मिला, जिस पर उन्होंने बूटा सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी बुटा सिंह ने अपने परिवार के सदस्यों को आवाज लगाई। इस पर बुटा सिंह की पत्नी उषा रानी, भाई बाज सिंह, मनप्रीत कौ, सुलखन सिंह, मनजीत कौर, बसन सिंह निवासी चंदोकलां भी वहां आ गए और पुलिस पार्टी पर एकदम से हमला करके बुटा सिंह को पुलिस गिरफ्तार से छुड़वा कर भगा दिया।

**जहरीली शराब कांड केस**

### पीड़ित परिवार से मुआवजा राशि का 10% कमीशन लेने का आरोप

- पुलिस ने आरोपी अटल सेवा केंद्र संचालक के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** जहरीली शराब कांड के पीड़ित को मिले मुआवजे से कमीशन लेने का दबाव बनाने के आरोप में अटल सेवा केंद्र संचालक गांव कांजीबांस निवासी सुरेंद्र कुमार पर केस दर्ज हुआ है। आरोपी सुरेंद्र कुमार ने गांव पंजेटे का माजरा निवासी प्रदीप कुमार से मुआवजे से दस प्रतिशत कमीशन देने का दबाव बनाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप कुमार ने बताया कि आठ नवंबर को जहरीली शराब पीने की वजह से उसके पिता श्रवण सिंह की मौत हो गई थी। जिसके बाद सरकार ने जहरीली शराब पीने से मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि देने की घोषणा की थी।

**बदलाव** एबीआरसी व बीआरपी को महीने में सात स्कूल व 21 कक्षाओं का निरीक्षण करना जरूरी

*सर्दकालीन छुट्टियों तथा गणतंत्र दिवस के मद्देनजर निरीक्षण होंगे कम*

# अब स्कूल विजिट के नाम पर खानापूर्ति नहीं कर पाएंगे शिक्षा विभाग के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीन्द

निपुण हरियाणा मिशन के तहत शिक्षा विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक माह राजकीय स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं का निरीक्षण करना होता है, लेकिन जनवरी माह में शीतकालीन अवकाश के चलते व गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले अभ्यास के चलते इस माह राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम द्वारा एबीआरसी व बीआरपी की स्कूल विजिट कम कर दी गई हैं। पहले एबीआरसी व बीआरपी को महीने में सात स्कूल व 21 कक्षाओं का निरीक्षण करना होती थी, जबकि सक्षम सहयोगी को महीने में चार स्कूल व दस कक्षाएं विजिट करनी होती है, लेकिन जनवरी माह में एबीआरसी व बीआरपी को पहली से तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के चार स्कूल व दस कक्षाएं, वहीं चौथी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों के चार स्कूल व चार कक्षाएं तथा छठी से आठवीं कक्षा के दो स्कूल व छह कक्षाओं का निरीक्षण करना होगा। वहीं सक्षम सहयोगी को चौथी से पांचवीं कक्षा के दो स्कूल व दो कक्षाएं तथा छठी से आठवीं कक्षा के एक स्कूल व तीन कक्षाओं की विजिट पूरी करनी होगी। वहीं एबीआरसी और बीआरपी को 15 जनवरी के बाद स्कूलों में किए जाने वाली विजिट का प्रोफार्मा उच्चाधिकारियों के पास भेजना होगा, ताकि वह विजिट के नाम पर खानापूर्ति नहीं करें। बता दें कि द्वारा प्रत्येक माह के स्कूल व कक्षाएं निर्धारित की गई हैं। इस दौरान स्कूलों की कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों का मूल्यांकन भी करना होता है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी तथा कम प्रदर्शन करने वाले छात्रों का तुलनात्मक अवलोकन किया जाता है। यह भी जानने का प्रयास किया जाता है कि किन कारणों से विद्यार्थी कम सीख रहा है। वहीं जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करता है, उसे निपुण विद्यार्थी घोषित किया जाता है और अधिकारी समय-समय पर स्कूलों में विजिट कर विद्यार्थियों का अवलोकन करते हैं।

**शेड्यूल पहले से निर्धारित**

एफएलएन मॉर्निटरिंग के तहत आमतौर पर जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक महीने तीन विद्यालय तथा छह कक्षाओं में निरीक्षण करना होता है। वहीं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य, डिप्टी डीईओ, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समन्वयक, डाइट लेक्चरर, एपीसी द्वारा चार स्कूल तथा तथा आठ कक्षाओं का निरीक्षण किया जाता है। जिला समन्वयक को छह विद्यालय तथा 12 कक्षाओं का निरीक्षण करना अनिवार्य होता है।



**गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम विद्यार्थी व्यस्त रहेंगे**

शीतकालीन अवकाश के चलते इस माह एफएलएन मॉनिटरिंग के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। एबीआरसी व बीआरपी को इस माह कम स्कूलों की विजिट करनी है, क्योंकि 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश चल रहे हैं और इसके बाद गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विद्यार्थी व्यस्त रहेंगे। **-राजेश वशिष्ठ**, जिला कोऑर्डिनेटर एफएलएन

# कर्ज महंगा हुआ तो इसका असर यात्री वाहनों की बिक्री पर पड़ेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक यदि आगे चलकर प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती नहीं करता है, तो वाहन कर्ज और महंगा हो सकता है, जिसका सीधा असर यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री पर पड़ेगा। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस साल उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों के ऊंचे आधार के चलते यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि एक अंक में रह सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि देश की कुल आर्थिक वृद्धि एक सकारात्मक कारक है।

- 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों की बिक्री हुई

## मारुति के अधिकारी ने कहा, उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार

### 2023 में वृद्धि 8.3 प्रतिशत रही

इस आधार पर लगातार वृद्धि हासिल करना कुछ मुश्किल है। हमने देखा कि 2021 में वृद्धि लगभग 27 प्रतिशत थी, 2022 में यह 23 प्रतिशत थी। 2023 में यह 8.3 प्रतिशत है। इसलिए मेरा अनुमान है कि इस साल वृद्धि एक अंक में रहेगी। श्रीवास्तव ने कहा कि वाहन कर्ज की दरों में संभावित बढ़ोतरी भविष्य की मांग को प्रभावित कर सकती है।



### अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर वृद्धि निर्भर

श्रीवास्तव ने कहा, 'वाहन उद्योग की वृद्धि काफी हद तक कुल अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर निर्भर करती है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दोनों के बीच अधिक जुड़ाव होता है... इसलिए यह एक सकारात्मक पक्ष है।' उन्होंने कहा, हम पहुंच ऊंचे 'आधार' पर पहुंच गए है।

### पिछले साल ढ़ाई प्रतिशत वृद्धि हुई है

पिछले साल से रेपो दर में ढाई प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी को अभी पूरी तरह खुदरा स्तर पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि आवास ऋण में फ्लोटिंग दरों की वजह से रेपो दर में वृद्धि तुरंत खुदरा ऋण दरों में आती है।

### 98 फीसदी कर्ज फिक्स्ड दरों पर होता है

वाहन ऋण के मामले में लगभग 98 प्रतिशत कर्ज निश्चित या फिक्स्ड दरों पर होता है। श्रीवास्तव ने कहा कि अबतक रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी में से 1.3 प्रतिशत खुदरा वाहन कर्ज में आया है। यदि इस साल नीतिगत दर में कटौती नहीं होती है, तो वाहन कर्ज 1.2 प्रतिशत और महंगा हो सकता है।

*अन्य कारक बिक्री को प्रभावित करेंगे*

*अधिकारी ने कहा कि ब्याज दर में संभावित वृद्धि के अलावा जो अन्य कारक यात्रा वाहन की बिक्री को प्रभावित कर सकती है, उनमें दबी मांग का समाप्त होना और विनिर्माताओं द्वारा 2023 की समाप्ति से पहले स्टॉक में किया गया 'करेक्शन' शामिल है।*

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स 250वीं दुकान अयोध्या में खोलेगी



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेता कल्याण ज्वैलर्स चालू वित्त वर्ष की अंतिम (मार्च) तिमाही में अपनी 250वीं दुकान उत्तर प्रदेश के अयोध्या में खोलेगी। भारत और पश्चिम एशिया में 30 नई दुकानें खुलने की है।भारत में 15 'कल्याण' दुकानें, पश्चिम एशिया में दो 'कल्याण' दुकानें और 13 'कैंडेयर' दुकानें खोलने की योजना है।

### सभी तेल-तिलहन कीमतों में रहा सुधार का रुख



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में सोयाबीन डीगम और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दाम में आई मजबूती के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी तेल-तिलहनों (सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं एक्स-कांडला तथा बिनौला तेल) के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में टीसीएस रही



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 57,408.22 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान टीसीएस और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 214.11 अंक या 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

## भारत कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रहा

# खपत बढ़ाने के लिए महंगाई को नीचे लाना जरूरी : इंडिया रेटिंग्स

- मुद्रास्फीति नीचे आने से लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा होगा
- निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रही है, क्योंकि उच्च मुद्रास्फीति निम्न आय वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रही है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने यह बात कही है।

पंत ने कहा, 'हालांकि, देश की अर्थव्यवस्था अब सामान्य से कम मानसून और उच्च वैश्विक तेल कीमतों के दोहरे झटके से निपटने की जुझारू क्षमता रखती है, लेकिन चुनौती मुद्रास्फीति को नीचे लाने की है, ताकि लोगों के हाथ में खर्च के लिए अधिक पैसा हो।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि मुद्रास्फीति में एक प्रतिशत अंक की कमी से सकल घरेलू उत्पाद में 0.64 प्रतिशत की वृद्धि होगी या पीएफसीई (निजी अंतिम उपभोग व्यय) में 1.12 प्रतिशत अंक की वृद्धि होगी... यदि मुद्रास्फीति को एक प्रतिशत अंक तक कम किया जा सकता है, तो यह सभी के लिए जीत की स्थिति होगी। पीएफसीई व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत उपभोग के लिए वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च को दर्शाता है।

### आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स की अनुषंगी कंपनी इंड-रा के अनुमान के मुताबिक, पीएफसीई चालू वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह वृद्धि 7.5 प्रतिशत थी। पंत ने कहा कि आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है।



### खाद्य कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ी

नवंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि है।

India Ratings & Research
A Fitch Group Company

*50 फीसदी को अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ रहा :* *पंत ने कहा, 'हमने एक अध्ययन किया है और पाया है कि निचले 50 प्रतिशत वर्ग के लोगों को शीर्ष 50 प्रतिशत आबादी के लोगों की तुलना में अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ता है। मुख्य रूप से निचले हिस्से के लोगों द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें ऊपरी स्तर द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की तुलना में तेजी से बढ़ रही हैं।'*

### निजी कंपनियों का निवेश जरूरी

साल-दर-साल आधार पर लगातार खर्च के ऊंचे स्तर से राजकोषीय घाटे और ऋण के लिए जोखिम पैदा होता है, जिसके चलते ब्याज दरें ऊंची रहेंगी। 'जबतक निजी कंपनियों का निवेश शुरू नहीं होता और सरकार अपने द्वारा किए जा रहे कुछ निवेश को वापस नहीं लेती है, तबतक अर्थव्यवस्था में स्थिर वृद्धि की राह नहीं पकड़ेगी।'

### भारत में दो प्रकार के आयवर्ग वाले

वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहेगी। पंत ने कहा कि आय वर्ग के मामले में भारत दो प्रकार के हैं - एक उच्च आय वर्ग के लोग और दूसरे निम्न आय वर्ग के लोग। 'पिरामिड' के निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा है जिस गति से संगठित क्षेत्र के लोगों या ऊपरी स्तर के लोगों का बढ़ रहा है।

# निवेश बैंकरों की शुल्क आय रिकॉर्ड 1.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



निवेश बैंकरों की शुल्क आय 2023 में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर के नए शिखर पर पहुंच गई। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस (पुराना नाम रिफिनिटव) द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में अनुमानित शुल्क 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह 2022 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2000 से दर्ज किए जा रहे इन आंकड़ों में यह अबतक का सबसे ऊंचा आकंड़ा है। उच्च इक्विटी और बॉन्ड बिक्री की वजह से निवेश बैंकरों की आय बढ़ी है।

- 2023 में सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी

एजेंसी के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक 10.27 करोड़ अमेरिकी डॉलर के संग्रह के साथ निवेश बैंकिंग शुल्क हासिल करने में शीर्ष पर रहा। यह देश के कुल निवेश बैंकिंग शुल्क का 7.7 प्रतिशत है।

दूसरा सबसे बड़ा शुल्क स्रोत इक्विटी पूंजी बाजार (ईसीएम) 'अंडरराइटिंग' से रहा। यह 2023 में 68 प्रतिशत बढ़कर 34.35 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

ईसीएम गतिविधियों में 2023 में 31.2 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। यह 2022 की तुलना में यह 59.6 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2021 के बाद से सर्वाधिक है। ईसीएम पेशकशों की संख्या में भी सालाना आधार पर 48.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

### 24.4 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी

ईसीएम मार्ट का नेतृत्व अनुवर्ती पेशकशों द्वारा किया गया, जो कुल ईसीएम आय का 78 प्रतिशत रहीं। इसमें 24.4 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी हुई। यह सालाना आधार पर 105.1 प्रतिशत अधिक है, जबकि मात्रा 39.8 प्रतिशत बढ़ी।

## ग्रामीण स्टार्टअप के लिए बेहतर आपूर्ति श्रृंखला जरूरी

नई दिल्ली। ग्रामीण स्टार्टअप अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नए कार्यक्रमों के वास्ते मजबूत आधार तैयार रहे हैं, क्योंकि जमीनी स्तर के उद्यमी को सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला, सब्सिडी, बेहतर बुनियादी ढांचे और कोष तक आसान पहुंच की दरकार हैं। बजट तथा लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर स्टार्टअप को उम्मीद है कि सरकार विभिन्न मुद्दों पर ध्यान देगी। हालांकि , पिछले कुछ साल में विभिन्न नीतिगत बदलावों से उनके समग्र प्रदर्शन में सुधार हुआ है। क्रिनी स्पाइसेज के संस्थापक प्रदीप कुमार यादव ने कहा, "भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को पुराने उपकरण, अप्रभावी आपूर्ति श्रृंखला, खराब बुनियादी ढांचे और सीमित वित्त उपलब्धता जैसी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### एफएमसीजी कंपनियों को एकल अंक वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली अग्रणी कंपनियां अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। तिमाही आधार पर उपभोक्ता मांग में सुधार हुआ है, जिसके चलते एफएमसीजी कंपनियों को अक्टूबर-दिसंबर में निम्न से मध्य एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। डाबर, मैरिको और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों ने अपने तिमाही आंकड़ों को जारी करते हुए कहा है कि ग्रामीण बाजार में उपभोक्ता मांग कम रही है। कंपनियां धीरे-धीरे बढ़ोतरी को लेकर आशान्वित हैं।

# रिलायंस-ब्रुकफील्ड के साथ मिलकर खोलेगी डेटा सेंटर

- साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज कनाडा की ब्रुकफील्ड के साथ साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी। रिलायंस ने पिछले साल जुलाई में एक मौजूदा संयुक्त उद्यम में प्रवेश करने के लिए करीब 378 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जिसमें ब्रुकफील्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर और अमेरिका के रियल्टी एस्टेट निवेश ट्रस्ट डिजिटल रियल्टी पहले से ही भागीदार थे। इन तीनों की इस उद्यम में 33-33 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। 'तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट' में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका समूह नवीकरणीय ऊर्जा तथा हरित हाइड्रोजन के साथ-साथ राज्य में एक डेटा सेंटर स्थापित करने में भी निवेश कर रहा है। अंबानी ने कहा कि रिलायंस ने अत्याधुनिक डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए कनाडा की ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट और अमेरिका स्थित डिजिटल रियल्टी के साथ साझेदारी की है। डेटा सेंटर अगले सप्ताह खोला जाएगा। भारतीय डेटा सेंटर बाजार हाल के महीनों में गौतम अडाणी के अडाणी समूह और सुनील मित्तल की भारती एयरटेल लिमिटेड के बाद अब रिलायंस के प्रवेश के साथ गर्मा गया है।

## गोदरेज की रसायन इकाई गुजरात में करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रसायन इकाई ने गुजरात के वलसाड में क्षमता विस्तार के लिए अगले चार साल में 600 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रसायन प्रभाग) ने इसके लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत कंपनी वालिया में महत्वपूर्ण विस्तार पर अगले चार वर्षों में 600 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना सकती है। इससे लगभग 250 लोगों को रोजगार मिलेगा।' कंपनी ने कहा कि एमओयू से वालिया में विस्तार का मार्ग खुलेगा। वहां गोदरेज इंडस्ट्रीज के पास पहले से ही एक विनिर्माण इकाई है। गोदरेज इंडस्ट्रीज (रसायन) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल शर्मा ने कहा, 'यह रणनीतिक सहयोग वृद्धि, नवोन्मेष और क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।'

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

# जोमेटो समेट रही दुनिया से कारोबार, एक साल में बंद की 10 अनुषंगी कंपनियां

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

- कंपनी का सारा ध्यान अब भारत पर होगा
- पिछले एक साल में वियतनाम और पोलैंड समेत 10 सब्सिडरी कंपनियों को बेचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली








ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमेटो ने सारी दुनिया से अपना कारोबार समेट लिया है। कंपनी ने पूरा फोकस सिर्फ भारत पर लगाने का फैसला किया है। जोमेटो ने पिछले एक साल में वियतनाम और पोलैंड समेत दुनियाभर में फैली अपनी 10 सब्सिडरी कंपनियों को बेच दिया है। गुरुग्राम स्थित जोमेटो ने मार्च, 2023 से लेकर अब तक 10 कंपनियों को बेच दिया है। कंपनी ने इसी हफ्ते स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि जोमेटो वियतनाम कंपनी लिमिटेड और पोलैंड के ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म गेस्ट्रोनोची को बेचने का फैसला लिया गया है। यह फैसला कॉस्ट कटिंग के चलते लिया गया। इसके साथ ही जोमेटो ने 10 देशों में कारोबार बंद कर दिया है। लगभग सभी मार्केट से बाहर निकलने के बावजूद जोमेटो अभी भी इंडोनेशिया, श्री लंका और यूएई में कारोबार चला रही है। कंपनी ने कहा कि इन सब्सिडरी को बंद किए जाने के बावजूद उसके कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेशी बाजारों में कंपनी का एक्टिव बिजनेस ऑपरेशंस नहीं था। वित्तीय वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, जोमेटो के पास 16 सब्सिडरी, 12 स्टेप डाउन सब्सिडरी और एक एसोसिएट कंपनी थी। इनमें जोमेटो पेमेंट्स, ब्लिंकिट कॉमर्स और जोमेटो फाइनेंशियल सर्विसेज शामिल थीं। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली दो तिमाही में शुद्ध लाभ हुआ है। उसने जून तिमाही में 2 करोड़ रुपए और सितंबर तिमाही में 36 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी का रेवेन्यू 71 फीसदी बढ़कर 2,848 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

## शब्द पहेली - 5388




**बाएँ से दाए-**

1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**

2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

**शब्द पहेली - 5387 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5398

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5397 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# रणजी ट्रॉफी : पुजारा ने प्रथम श्रेणी में ठोका 17वां दोहरा शतक, 258 मैच में बनाए 19812 रन

एजेंसी ▸▸| राजकोट

रणजी ट्रॉफी 2024 के पहले चरण में चेतेश्वर पुजारा ने शानदार बल्लेबाजी की है। सीजन के पहले मैच में ही उन्होंने दोहरा शतक जड़ा दिया है। उन्होंने झारखंड के खिलाफ 356 गेंद में नाबाद 243 रन बनाए। यह रणजी ट्रॉफी में उनका आठवां दोहरा शतक है। अब वह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अब उनसे आगे नौ दोहरे शतक लगाने वाले पारस डोगरा हैं।

पुजारा अब 17 प्रथम श्रेणी दोहरे शतक के साथ हर्बर्ट सटक्लिफ और मार्क रामप्रकाश की बराबरी पर हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने के मामले में डॉन ब्रैडमैन (37), वैली हैमंड (36) और पैट्सी हेंड्रेन (22) के बाद चेतेश्वर पुजारा का नाम है। पुजारा के नाम तीन प्रथम श्रेणी तिहरे शतक भी हैं, जिनमें से आखिरी अक्टूबर 2013 में वेस्टइंडीज ए के खिलाफ आया था।



356 गेंद में बनाए नाबाद 243 रन

### पुजारा ने लक्ष्मण को पछाड़ा

पुजारा ने इस पारी के दौरान कुछ बड़े रिकॉर्ड्स बनाए। पुजारा अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। पुजारा (19812 रन) ने वीवीएस लक्ष्मण को पछाड़ दिया, जिनके फर्स्ट क्लास कॅरियर में 19730 रन थे। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सुनील गावस्कर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय हैं। गावस्कर ने 348 फर्स्ट क्लास मैचों में 51.46 की औसत से 25834 रन बनाए, जिसमें 81 शतक और 105 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं सचिन ने 310 फर्स्ट क्लास मैच खेलकर 57.84 की औसत से 25396 रन बनाए। सचिन के नाम पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 81 शतक और 116 अर्धशतक दर्ज हैं। राहुल द्रविड़ 23794 रनों के साथ इस मामले में तीसरे स्थान पर हैं।



**दोहरे शतकवीर**

| खिलाड़ी | दोहरा शतक |
|---|---|
| डॉन ब्रैडमैन | 37 |
| वैली हैमंड | 36 |
| पैट्सी हेंड्रेन | 22 |
| चेतेश्वर पुजारा | 17* |
| हर्बर्ट सटक्लिफ | 17 |
| मार्क रामप्रकाश | 17 |

### सौराष्ट्र ने बनाई 436 रनों की बड़ी लीड

पुजारा की शानदार पारी के दम पर सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी 578/4 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। झारखंड ने अपनी पहली पारी में 142 रन बनाए थे, यानी सौराष्ट्र को 436 रनों की बड़ी लीड मिली है।

### फर्स्ट क्लास में 61 शतक

*पुजारा ने अबतक 258 फर्स्ट क्लास मैचों में 19812 रन बनाए हैं। पुजारा ने इस दौरान 61 शतक और 77 अर्धशतक लगाए हैं। पुजारा का टेस्ट कॅरियर काफी शानदार रहा है। 35 वर्षीय पुजारा अब तक 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7195 रन बना चुके हैं।*

### टीम इंडिया के लिए किया दावा

*पुजारा ने इस पारी के साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में अपनी वापसी दावा मजबूत कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों ने खासा निराश किया था। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इन दोनों खिलाड़ियों की जगह चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है। पांच टेस्ट की यह सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी। पुजारा ने आखिरी टेस्ट जून में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था, जिसमें उन्होंने 14 और 27 रन बनाए थे।*

## खबर संक्षेप



### अभ्यास मैच खेलेंगे नीदरलैंड, नामीबिया

**जोहानिसबर्ग।** नीदरलैंड और नामीबिया की टीमें इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका के टी20 लीग एसए20 की टीमों के साथ अभ्यास मैच खेलेंगे। नीदरलैंड और नामीबिया के खिलाड़ियों को एसए20 में खेलने वाले कई शीर्ष खिलाड़ियों का सामना करने का मौका मिल सकता है। एसए20 लीग बुधवार से शुरू हो रहा है। नीदरलैंड का सामना सनराइजर्स ईस्टर्न केप, पार्ल रॉयल्स और एमआई केपटाउन से होगा, जबकि नामीबिया जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा।

### शिविर के लिए 41 खिलाड़ियों का चयन

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में सोमवार से शुरू होने वाले जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए रविवार को 41 सदस्यीय टीम घोषित की। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन 2023 में घरेलू चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कोच तुषार खांडेकर के पास रिपोर्ट करनी होगी।



### स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई करेगा पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान चिकित्सा टीम के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लेग स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई कर सकता है। अबरार तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच भी नहीं खेल पाए थे।पाकिस्तान की टीम के चिकित्सक, फिजियो और ट्रेनर से परामर्श लेने के बाद पीसीबी के चिकित्सा पैनल ने बोर्ड के अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि अबरार ने पिछले साल भारत में खेले गए विश्व कप से ही उपचार प्रक्रिया के प्रति लापरवाही बरती।



### अफरीदी को विश्राम दिया गया था : हफीज

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में विश्राम दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में शनिवार को पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया। हफीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के बाद कहा, 'हमने शाहीन के कार्यभार को देखते हुए उन्हें विश्राम देने का फैसला किया था।



## टेनिस : फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराया

# ऐलेना बनी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल चैंपियन ग्रिगोर ने 6 साल में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▸▸| ब्रिस्बेन

ऐलेना रयाबकिना ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त रयाबकिना ने फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराकर अपने कॅरियर का छठा खिताब जीता तथा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता नमूना भी पेश किया।

इससे पहले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच जो सात मुकाबले हुए थे उनमें से पांच में सबालेंका ने जीत दर्ज की थी लेकिन रविवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी रयाबकिना के ग्राउंडस्ट्रोक्स का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

**सेट : 1**

सबालेंका ने पिछले साल रयाबकिना को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था लेकिन यहां पहले सेट में उन्होंने अपनी तीन सर्विस गंवाई। रयाबकिना ने पहला सेट केवल 24 मिनट में जीता।

**सेट : 2**

रयबाकिना ने दूसरे सेट के तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाई लेकिन उन्होंने तुरंत ही अगले गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगाया।



### दिमित्रोव ने रूने को हराया



*पुरुष एकल के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने को 7-6 (5), 6-4 से हराकर छह साल में अपना पहला खिताब जीता। यह मैच दो घंटे 13 मिनट तक चला और केवल एक बार किसी खिलाड़ी की सर्विस टूटी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दिमित्रोव ने टाइब्रेकर में यह सेट अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे सेट के आठवें गेम में रून की सर्विस तोड़कर 4-3 से बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस पर मैच जीता। विश्व में 14वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव का यह कॅरियर का नौवां और 2017 में एटीपी फाइनल्स के बाद पहला खिताब है।*



### गॉफ ने लगातार दूसरी बार जीता ऑकलैंड क्लासिक का खिताब

*ऑकलैंड। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके रविवार को यहां फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। गॉफ ने स्वितोलिना को 6-7 (4), 6-3, 6-3 से हराया। पूरे सप्ताह में यह पहला अवसर था जबकि गॉफ को तीन सेट तक जूझना पड़ा। वह बिना सेट गंवाए फाइनल में पहुंची थी। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने पिछले साल यहां बिना सेट गंवाए खिताब जीता था। लेकिन इस बार फाइनल में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। यह मैच दो घंटे 23 मिनट तक चला। गॉफ 2018 और 2019 की चैंपियन जूलिया जॉर्जेस के बाद लगातार ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।*

## टीम इंडिया का ऐलान

# रोहित, कोहली और गिल की टी20 टीम में वापसी



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए रविवार को घोषित भारतीय टीम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हुई है।

इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने लगभग 14 महीनों से किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं लिया है। समझा जाता है कि दक्षिण अफ्रीका में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर से मुलाकात के दौरान दोनों ने खुद को इस प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध बताया था। सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और ऋतुराज गायकवाड़ को चोट के कारण बाहर रखा गया है। ये सभी अपनी-अपनी चोट से उबरने में नाकाम रहे। 11 जनवरी से शुरू हो रही सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। यह जून में होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी बाइलेटरल सीरीज है।रोहित और विराट ने देश के लिए अपना पिछला टी20 मैच 10 नवंबर 2022 को विश्व कप में खेला था।

टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और रविंद्र जडेजा का नाम नहीं है। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी को मोहाली में पहला मैच खेलेगी। श्रृंखला का दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः इंदौर और बेंगलुरु में खेला जाएगा।

*भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।*

# रोस ब्रांच ने जीता डकार रैली का पहला चरण



एजेंसी ▸▸| अल हिनाकिया

हीरो मोटोस्पोर्ट्स के राइडर रोस ब्रांच ने डकार रैली के बाइक वर्ग का पहला चरण शनिवार को यहां अपने नाम कर इतिहास रचा।

ब्रांच की इस जीत से भारतीय बाइक निर्माता कंपनी पहली बार डकार रैली में किसी चरण की तालिका के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंच गयी। डकार रैली का यह 46वां सत्र है जबकि सऊदी अरब में लगातार पांचवें साल इसका आयोजन हो रहा है। दुनिया के सबसे मुश्किल रैली रेस में से एक डकार रैली के बाइक वर्ग में 136 राइडर ने अल उला से अल हिनाकिया के बीच हुए पहले चरण में भाग लिया। 'हीरो मोटोस्पोर्ट्स' की विज्ञप्ति के मुताबिक 'कलाहेरी फेरारी' के नाम से मशहूर ब्रांच ने पहले चरण के 536 किलोमीटर की रेस को पांच घंटे 13 मिनट और 15 सेकंड में पूरा किया। उन्होंने दूसरे स्थान पर काबिज मॉन्स्टर एनर्जी होंडा टीम के रिकी ब्रैबेक से 11 मिनट 54 सेकंड कम समय लिया।

## चोटिल राशिद की जगह पोलार्ड बने एमआई केपटाउन के कप्तान

**केपटाउन।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड को रविवार से शुरू होने वाले एसए20 लीग के लिए चोटिल राशिद खान की जगह एमआई केपटाउन का कप्तान नियुक्त किया गया है। एमआई केपटाउन ने पहले अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद को अपना कप्तान नियुक्त किया था लेकिन वह चोट से नहीं उबर पाए हैं। इस फ्रेंचाइजी ने मीडिया को जारी बयान में कहा, 'राशिद खान अभी चोट से उबर रहे हैं और खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। एमआई केपटाउन उनके शीघ्र फिट होने की कामना करता है।' राशिद खान को भारत के खिलाफ होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके इसमें खेलने की संभावना नहीं है। इस बीच एमआई अमीरात ने वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरण को आईएलटी20 के लिए अपना कप्तान नियुक्त किया।

# आस्ट्रेलिया ने भारत को छह विकेट से हराया, श्रृंखला 1-1 से बराबर

एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई

आस्ट्रेलियाई महिला टीम ने शानदार गेंदबाजी के बाद एलिसे पैरी के 21 गेंद में नाबाद 34 रन की मदद से रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर ला दी। भारतीय आल राउंडर दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन भी टीम के काम नहीं आ सका जिन्होंने पहले 31 रन की पारी खेली और फिर 22 रन देकर दो विकेट झटके। डीवाई पाटिल स्टेडियम में बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारतीय बल्लेबाज शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सकीं जिससे मेजबान टीम आठ विकेट पर 130 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया ने यह लक्ष्य 19 ओवर में चार विकेट पर 133 रन बनाकर हासिल कर लिया। अंतिम दो ओवर में आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। फोबे लिचफील्ड (12 गेंद में तीन चौके, नाबाद 18 रन) ने श्रेयांका पाटिल की पहली तीन गेंद पर दो चौके जड़कर भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

सभी प्रारूपों में अपना 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही पैरी ने अपनी नाबाद पारी के दौरा तीन चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने 19वें ओवर की अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर एक ओवर रहते टीम को जीत दिलायी। एलिसा हीली (26) और बेन मूनी (20) ने पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी कर आस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत करायी। दीप्ति ने इन दोनों बल्लेबाजों के विकेट झटके। तहलिया मैकग्रा ने पाटिल की गेंद पर आउट होने से पहले 21 गेंद में 19 रन बनाये। एशले गार्डनर सात रन ही बना सकीं। इसके बाद पैरी और लिचफील्ड ने टीम को जीत दिलायी। इससे पहले स्मृति मंधाना (23), ऋचा घोष (23) और जेमिमा रोड्रिग्स (13) अच्छी शुरूआत करने के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल सकीं और आस्ट्रेलिया ने लगातार विकेट झटककर भारत पर दबाव बनाये रखा। दूसरे छोर पर विकेट गिर रहे थे लेकिन दीप्ति शर्मा ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले 27 गेंद में पांच चौके से 31 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। आस्ट्रेलिया के लिए किम गार्थ ने शुरूआती झटके दिये।

## पुडुचेरी दिल्ली पर बड़ी जीत के करीब

**नई दिल्ली।** मध्यम गति के गेंदबाज अबिन मैथ्यू (30 रन देकर चार विकेट) ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में दिल्ली का शीर्ष क्रम झकझोर दिया जिससे पुडुचेरी बड़ी जीत के करीब खड़ा है। पुडुचेरी ने पहली पारी में 244 रन और दिल्ली ने 148 रन बनाये। पहली पारी के आधार पर 96 रन से पिछड़ रही दिल्ली की दूसरी पारी की शुरुआत काफी चुनौतीपूर्ण रही जिसमें मैथ्यू ने कप्तान यश धुल (23), लक्ष्य थरेजा (24) और हिम्मत सिंह (05) को आउट कर मेजबान टीम का स्कोर छह विकेट पर 84 रन कर दिया। पहली पारी में सात विकेट झटकने वाले गौरव यादव ने 39 रन देकर दो और सौरभ यादव ने 43 रन देकर दो विकेट हासिल किये। दिल्ली के लिए ऋतिक शौकीन ने कुछ देर टिककर खेलते हुए 19 रन जोड़े लेकिन टीम ने स्टंप तक 40 ओवर में आठ विकेट पर 126 रन बनाये।

## स्वियाटेक ने कर्बर को हराया



**सिडनी।** शीर्ष रैंकिंग की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने रविवार को यहां यूनाइटेड कप फाइनल में एंजेलिक कर्बर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज करके जर्मनी के खिलाफ पोलैंड की टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पोलैंड की खिलाड़ी ने 70 मिनट तक चले मुकाबले में कर्बर को 6-3, 6-0 से हराया। इस जीत के साथ ही पोलैंड की टीम ने इस मिश्रित (पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संयुक्त टीम) टूर्नामेंट के मैचों में अपने लगातार जीत के रिकॉर्ड को सुधार किया। टीम की यह 12वीं जीत है।

## वापसी में महज एक टूर्नामेंट में खेलने के बाद लिया फैसला

# राफेल नडाल चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

राफेल नडाल ने चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटने का फैसला किया जबकि उन्होंने 12 महीने तक खेल से बाहर रहने के बाद वापसी में केवल एक ही टूर्नामेंट खेला था। नडाल ने कहा कि उन्हें अपने सर्जरी हुए कूल्हे की चिंता है क्योंकि शुक्रवार को ब्रिसबेन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के तीसरे सेट में उन्हें 'मेडिकल टाइम आउट' लेना पड़ा था जिसमें वह जोर्डन थाम्पसन से हार गए थे।

इस 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता ने कहा था कि उन्हें शुरू में 'टेंडन मुद्दे' के बजाय यह मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या लगी थी। पिछले साल इसी दौरान उन्हें 'टेंडन' की समस्या से काफी दर्द झेलना पड़ा था। लेकिन उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेलबर्न से आने के बाद हुए स्कैन में पता चला है कि उनकी मांसपेशी में एक छोटा सा घाव है और इसके उपचार के लिए वह वापस स्पेन जा रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, 'इस समय मैं उच्चतम स्तर के पांच सेट के मैच में हिस्सा लेने के लिए तैयार नहीं हूं। मैंने इस वापसी के लिए पूरे साल बहुत कड़ी मेहनत की थी और जैसा कि मैंने हमेशा जिक्र किया है कि मेरा लक्ष्य तीन महीनों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचने का है। मेरे लिए दुखद खबर है कि मैं मेलबर्न में दर्शकों के सामने नहीं खेल पाऊंगा, यह बहुत बुरी खबर भी नहीं है क्योंकि हम सत्र के लिए सकारात्मक बने रहेंगे।'



### दो मैच जीते एक हारे

नडाल ने कहा, 'मैं वास्तव में यहां आस्ट्रेलिया में खेलना चाहता था और मुझे कुछ मैच खेलने का मौका मिला जिन्होंने मुझे काफी खुश और सकारात्मक बनाया।' नडाल ने अपने पहले दो प्रतिस्पर्धी मैच जीते जिसमें उन्होंने डोमिनिक थिएम (पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी) और वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले आस्ट्रेलियाई जेसन कुबलर को हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्हें दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट मिले लेकिन नडाल तीनों गंवा बैठे। आस्ट्रेलियाई ओपन 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा।

चिंतन

# अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा को समझे मालदीव

भारत को अपने किसी भी क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने व उसके महत्व को प्रचारित करने का संप्रभु हक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप में स्नॉर्कलिंग की अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने जाने की अपील की। इसमें किसी को क्यों आपत्ति होनी चाहिए? भारत की अपनी आबादी ही इतनी है कि किसी भी क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए काफी है। भारत अपने सभी पड़ोसियों का ध्यान रखता आया है। एक छोटे द्विपीय देश होने के नाते मालदीव अपनी सुरक्षा के लिए आज भी भारत पर भौगोलिक रूप से निर्भर है। ऐसे में चीनी प्रभाव वाले दल की सरकार की नेता का अंतरराष्ट्रीय नियमों के विपरीत जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का मजाक उड़ाना मालदीव के लिए ही खतरा लेकर आएगा। उन्हें अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। चीनपरस्त मालदीव सरकार को पाकिस्तान, श्रीलंका, कई अफ्रीकी देशों की चीन से दोस्ती के चलते बिगड़ी अर्थव्यवस्था को देखते हुए सबक लेना चाहिए। भारत अगर अपने पर्यटन स्थल की बात करता है तो इसमें मालदीव के नेताओं को ऐतराज क्यों होना चाहिए? मालदीव को अपने पर्यटन पर भरोसा होना चाहिए। यह भी सही है कि मालदीव का पर्यटन भारतीय उद्यमियों व पर्यटकों पर अधिक टिका हुआ है। पीएम मोदी का प्रयास लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने का है। मालदीव सरकार ने बेशक अपने मंत्री के बयान से किनारा किया है, लेकिन उसे नहीं भूलना चाहिए कि भारत से उसका संबंध बहुत पुराना है। भारत से बैर कर मालदीव का ग्लोबल अर्थव्यवस्था में टिके रहना मुश्किल होगा। चीनी शह में मालदीव की मुइज्जू सरकार बेशक भारत विरोधी हो जाए, लेकिन भारत के पीएम का मजाक उड़ाने का हक उस सरकार की मंत्री को कतई नहीं है। भारत के आंतरिक मामले में मालदीव सरकार के किसी मंत्री को किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। मालदीव के राजनीतिज्ञों के एक समूह द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति की गई किसी भी अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणी अशोभनीय व निंदनीय है। भारत इसकी निंदा करता है। मालदीव को आतिथ्य, सहिष्णुता, शांति और सद्भाव के सिद्धांतों का ध्यान रखना चाहिए। भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल के लिए सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जो उनकी लगभग 70% रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। मालदीव के अड्डू में भारत की सहायता से एक ड्रग डिटॉक्सिफिकेशन और पुनर्वास केंद्र तैयार किया गया है। यह केंद्र स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, मत्स्य पालन, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा कार्यान्वित की जा रही 20 विकास परियोजनाओं में से एक है। भारत-मालदीव संबंधों को तब से क्षति पहुंची है, जब मालदीव ने वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। श्रीलंका, पाकिस्तान तथा मालदीव जैसे देशों में चीन की बढ़ती उपस्थिति भारत के लिए चिंता का विषय जरूर है, पर वह सतर्क है। इन क्षेत्रों में चीनी-नियंत्रित बंदरगाहों एवं सैन्य सुविधाओं का विकास भारत के रणनीतिक हितों व क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक चुनौती है। दक्षिण एशिया और हिंद महासागर की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को हिंद-प्रशांत सुरक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण सामरिक भूमिका निभानी चाहिए।

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटे भारत



विश्लेषण
डॉ. अश्विनी महाजन

कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। भारत को ग्लोबल वार्मिंग से निपटने का अभियान जारी रखना चाहिए।

बीते महीने दिसंबर की 14 तारीख को दुबई में यूनाइटेड नेशन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज के तहत कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ का 28वां सत्र सम्पन्न हुआ, जिसे कॉप-28 के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। हालांकि दो सप्ताह तक चलने वाले इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गई, लेकिन इस सम्मेलन के अंतिम समय में एक ऐसी महत्वपूर्ण घोषणा हुई है, जिससे पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन से राहत की एक बड़ी उम्मीद जगी है। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत होने वाले 27 कॉप सम्मेलन इससे पूर्व हो चुके थे, जिनमें कुछ बातें हुई, कहीं-कहीं पर मौसम परिवर्तन और वैश्विक उष्णता को थामने के लिए कुछ प्रयास भी हुए, लेकिन विकसित देशों की यह जिद्द कि वे अपनी जीवन पद्धति बदलने के लिए तैयार नहीं हैं, ने इन प्रयासों के प्रभाव को कम किया। विकसित देशों का यह कहना है कि चाहे जो भी स्थिति हो, वे अपनी जीवन पद्धति को बदल नहीं सकते हैं। सच्चाई यह है कि औद्योगीकरण के समय से लेकर अब तक दुनिया में 23 समृद्ध औद्योगिक देश कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन के 50 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और बाकी 50 प्रतिशत के लिए 150 से अधिक देश जिम्मेदार हैं।लगभग एक शताब्दी में पेट्रोलियम तेल और गैस का उपयोग 82.34 गुना और कोयले का उपयोग 4.56 गुना बढ़ा है, लेकिन इसमें भी विकसित देशों का योगदान विकासशील देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है। हम समझ सकते हैं कि विकसित देशों द्वारा जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी कहीं अधिक अनुपात में बढ़ा है।

आधुनिकीकरण और विकास के नाम पर वाहनों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आर्थिक संवृद्धि के और जीडीपी में ग्रोथ के नाम पर औद्योगिक उत्पादन भी भारी मात्रा में बढ़ा है। आज लोग ज्यादा और ज्यादा चीजों का उपभोग करने लगे हैं, जो पूर्व की तुलना में कई सौ गुणा ज्यादा है। वाहनों, उद्योगों, कृषि आदि के परिचालन में पेट्रोलियम पदार्थों सरीखे जीवाश्म ईंधनों का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है व इस कारण ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ी है।

पिछली एक शताब्दी में वाहनों, विद्युत उत्पादन, औद्योगिक कार्यों और कृषि समेत अनेकानेक गतिविधियों में जीवाश्म ईंधन यानि पेट्रोलियम पदार्थ, कोयला इत्यादि का उपयोग लगातार बढ़ता गया, जिसके चलते दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ 2), मीथेन (सीएच 4), नाइट्रस ऑक्साइड (एन 2ओ), हाइड्रोफ्लूरोकार्बन (एचएफसी), परफ्लूरोकार्बन (पीएफसी), सल्फर



हेक्साफ्लोराइड (एसएफ 6) का उत्सर्जन भी बढ़ा। इससे विश्व ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। समुद्र स्तर बढ़ने के कारण तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने स्थान से विस्थापित हो रहे हैं, कहीं अल्प वृष्टि तो कहीं अति वृष्टि और तूफ़ानों के कारण, दुनिया विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना कर रही है। कृषि उत्पादन पर भी संकट आ रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान इतना अधिक बढ़ता जा रहा है कि लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है।

मौसम परिवर्तन पर होने वाले संयुक्त राष्ट्र के तमाम कॉप सम्मेलनों में प्रारंभ से ही यह लक्ष्य रहा है कि दुनिया का तापमान 2050 तक औद्योगएमपीकरण से पूर्व की स्थिति की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ने पाए। क्योटो सम्मेलन में जहां ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन की कमी के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, के बाद कॉप सम्मेलनों में बातें तो बहुत हुईं, लेकिन क्योटो सम्मेलन के बाद और कॉप-27 से पहले कोई विशेष प्रगति नहीं दिखाई दी। विकसित देशों ने यह वचन जरूर दिया था कि वे मौसम परिवर्तन से निपटने के लिए 100 अरब डालर की सहायता हर वर्ष प्रदान करेंगे। हालांकि 100 अरब डालर की मदद, समस्या की गंभीरता के मद्देनजर कहीं अपर्याप्त थी, उतनी भी राशि विकसित देशों द्वारा इस संबंध में प्रदान नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि दुनिया के विकसित देश जो वर्तमान पर्यावरण संकट के लिए दोषी हैं, अभी तक इस बाबत गंभीर नहीं हुए थे। कॉप28 में भी, विकसित दुनिया द्वारा जीवाश्म ईंधन से संक्रमण की लागत वहन करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया था। हालांकि कॉप28 में इस बात पर सहमति बनी है कि जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा, लेकिन इसके लिए अत्यंत गंभीरता से विचार करना होगा कि यह कैसे किया जाएगा। कॉप28 में अनेक प्रकार की शपथें ली गई, जिसमें अक्षय ऊर्जा में 3 गुणा वृद्धि, शीतलन से संबंधित ऊर्जा उपभोग में दुगुनी कार्यकुशलता आदि शामिल हैं।

पिछले कॉप सम्मेलनों में इस बात पर बहस चलती रही कि जीवाश्म ईंधनों में से कोयले या पेट्रोलियम, किसके उपयोग को कम करना चाहिए। विकसित देशों का यह कहना था कि वे पेट्रोलियम के उपयोग को कम नहीं करेंगे, लेकिन वे साथ ही यह दबाव बना रहे थे कि भारत सरीखे देश कोयले के उपयोग को अवश्य बंद करें। इस बार फिर विकसित देश अंतिम दस्तावेज़ में शामिल होने में सफल रहे हैं, जब नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना करने को 'बेरोकटोक कोयला बिजली को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने' से जोड़ा गया। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत के पास कोयले के बड़े भंडार हैं, इसलिए भारत के लिए जरूरी है कि फिलहाल वह कोयले का उपयोग कुछ समय तक करे और बाद में उसे क्रमशः घटाया जाए। कॉप-28 के इस फैसले से कि कोयले और पेट्रोलियम में भेद किए बिना सभी प्रकार के जीवाश्म ईंधन के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित हो गया है कि इस संबंध में विकसित देशों की बहानेबाजी को कॉप28 में कम मान्यता मिली। वैश्विक तापमान को औद्योगीकरण से पूर्व की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढ़ने के लक्ष्य की समय सीमा 2050 रखी गई है, लेकिन कॉप-26 में भारत ने अपने वचन में यह कहा था कि हम 2070 तक निवल शून्य (नेट जीरो) के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इसलिए भारत के पास वैश्विक लक्ष्य की सीमा से दो दशक आगे का समय रहेगा। इस लक्ष्य को न्यायोचित्त, व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से प्राप्त किया जाएगा।

(लेखक डीयू के पीजीडीएवी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

झरोखे से
डॉ. चंद्र त्रिखा



# दिल्ली की रहस्यमयी शख्सियत जुलियाना

देश की राजधानी दिल्ली में लगभग हर मोड़ पर रहस्यमयी गाथाएं कुनमुना रही हैं। दिल्ली ने इन सब गाथाओं व उनमें वर्णित पात्रों को अलग-अलग समय पर भोगा है, जिया है, देखा है। इन रहस्यमयी गाथाओं में एक तथ्यात्मक किस्सा एक पुर्तगीज़ महिला जूलियाना का भी है। जूलियाना का दबदबा वर्तमान ओखला क्षेत्र, न्यू डिफेंस कॉलोनी के कुछ क्षेत्र और कश्मीरी गेट के समीप स्थित दारा-शिकोह की हवेली तक फैला हुआ था। उसके नाम पर सराय भी है और अनेक ऐसी सम्पत्तियां हैं, जिनकी विरासत का दावा करने वाले अभी भी इधर-उधर से दस्तावेज एकत्र करने में लगे हैं। किंवदंती है कि उसकी रूह अब भी इस क्षेत्र में भटकती है।


दिल्ली की मुगलिया सल्तनत में जूलियाना के परिवार का प्रवेश औरंगजेब के काल में ही हो गया था मगर उसका प्रभामण्डल औरंगजेब के पौत्र बहादुर शाह प्रथम के शासनकाल में फैला। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में सुखदेव विहार मेट्रो स्टेशन के पास एक ऐसा इलाका है जहां आज दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैट हैं। कई लोगों के लिए सराय जुलेना गांव अन्य बस्तियों की तरह की एक और बस्ती है लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह एक ऐसी पुर्तगाली महिला की याद दिलाती है, एक ज़माने में, मुग़ल दरबार में जिसका रुतबा, किसी महारानी से कम नहीं था। इस महिला का नाम था डोना जुलियाना डायस डि कोस्टा। यदि ऐतिहासिक दस्तावेज़ों पर भरोसा किया जाए, तो वह मुग़ल दरबार में बहुत ताक़तवर और असरदार महिला थी और हां, कहा जाता है कि उनके पास दैवीय शक्ति भी थी! जुलियाना शाही दरबार में कैसे पहुंच गईं, यह इतिहासकारों के बीच बहस का विषय बना हुआ है। उनके जन्म का वर्ष और उम्र भी रहस्यों से घिरा हुआ है! मुग़ल दरबार में यूरोपीय देशों के लोगों का आना-जाना लगा रहता था लेकिन इनके बीच एक पुर्तगाली महिला ने कैसे अपनी जगह बना ली। प्राप्त विवरण के अनुसार, उसने मुगल शहजादे मुअज्ज़म को ईसाइयत की ओर भी झुका लिया था।



मुग़ल बादशाह शाहजहां के आदेश पर पुर्तगाली बंदरगाह शहर हुगली (बंगाल) पर हमला किया गया था। पुर्तगाली, मुग़लों के जहाज़ों पर लगातार हमले करते रहते थे और उसी के बदले में ये कार्रवाई की गई थी। हमले के बाद कई पुर्तगालियों को बंधक बना लिया गया था जिनमें जुलियाना के पिता ऑगस्टिन्हो डायस डिकोस्टा भी थे। उन्हें और उनकी पत्नी को बाद में मुग़ल दरबार में काम मिल गया। बाद में डिकोस्टा की पत्नी, शाहजहां की एक बेगम की दासी बन गई। इसी दौरान जुलियाना का जन्म हुआ था। जब जूलियाना 17 साल की हुई, तब उसके जीवन में एक नया दौर शुरु हुआ। तब तक औरंगज़ेब बादशाह बन चुका था और उसने अपने 18 साल के बेटे मुअज़्ज़म की पढ़ाई की ज़िम्मेदारी जूलियाना को सौंप दी। जैसे-जैसे दोनों बड़े होते गए, दोनों में नज़दीकियां भी बढ़ती गईं। मुअज़्ज़म जब भी अपने पिता के आदेश पर युद्ध करने जाता था, उसकी हिफाज़त के लिए जुलियाना भी, उसके साथ, उसके हाथी पर सवार होती। जूलियाना के हाथ में लाल झंडे होते थे, जिन पर सफेद रंग का ईसाई क्रॉस बना होता था! जैसे-जैसे वह बड़ी होती गई, उसे मुग़ल दरबार में शाही हरम और डॉक्टर की प्रभारी जैसे कई ज़िम्मेदारियां मिलने लगीं! लेकिन यह सिलसिला ज्यादा लम्बा नहीं चल पाया। औरंगज़ेब ने मुअज़्ज़म को 1680 के दशक के अंत में बग़ावत के आरोप में सज़ा दी और उससे उसके खिदमतगार और हरम छीन लिए गए। उन दिनों जुलियाना किसी तरह क़ैदख़ाने में पहुंचने में कामयाब हो गई और वहां वह मुअज़्ज़म की तीमारदारी करने लगी। इस दौरान दोनों के बीच रिश्ते और मज़बूत होते गए और जुलियाना ने मुअज़्ज़म को सलाह दी कि अगर वह सेंट जॉन से दुआ मांगेगा तो वह एक दिन बादशाह बन जाएगा। मुअज़्ज़म दुआ के लिए राज़ी हो गया और उसने वादा किया कि अगर वह बादशाह बन जाता है तो वह जूलियाना को धन-दौलत और दरबार में बड़े-बड़े ओहदों से नवाज़ेगा। संयोगवश मुग़लिया तख़्त-ओ-ताज के लिए हुई जंग के बाद जब मुअज़्ज़म 1707 में बहादुर शाह-प्रथम के रूप में तख़्त पर बैठा तो उसने अपने वादे के मुताबिक़ जुलियाना को जूलियाना फिदवी दुआगो (वफादार और अक़ीदतमंद जूलियाना) का खिताब दिया। उसे जागीर में गांव भी दिए गए, जहां आज दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली का ओखला इलाक़ा है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

अंतर्मन




आज की पाती

### अयोध्या की बजाय घर पर ही खुशियां मनाएं

भगवान श्री राम का नाम लेते ही मानसिक शांति मिलती है। वह सनातन धर्म या भारत के लिए ही आदर्श नहीं हैं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्ष बाद उनका जो भव्य मंदिर बन रहा है और वहां 22 जनवरी को राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसकी खुशी जाहिर करने के लिए जो तैयारियां चल रही हैं उन्हें देखकर लग रहा है कि दीपावली का त्योहार आने वाला है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे राम भक्त भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है, तब हमें अयोध्या जाने की बजाय अपने-अपने घर पर ही इसकी खुशी मनानी चाहिए। *–विकास शर्मा, धमतरी*

ट्रेंड

### उद्धव ठाकरे विकास विरोधी



वह (उद्धव ठाकरे) ढाई साल तक घर पर बैठे रहे और केवल दिखावा किया। उन्होंने (ठाकरे) मुंबई में आरे भूमि पर मेट्रो, मेट्रो लाइनों के निर्माण का विरोध किया और समृद्धि राजमार्ग के निर्माण को धीमा किया। वह (ठाकरे) विकास विरोधी हैं।
-एकनाथ शिंदे, सीएम, महाराष्ट्र

### प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि



स्टैटिस्टिकल हैंडबुक के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 3,89,529 रुपये से बढ़कर 4,44,768 रुपये हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से 158% अधिक है। यह किसी भी राज्य में एक वर्ष में प्रति व्यक्ति आय में भारी वृद्धि है। -अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्तमान समय में हमारी टीम विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है। हमने इस बीच कई बेहतरीन नतीजे दिए हैं।
-रविचंद्रन अश्विन, क्रिकेटर

### फिल्म कामयाब रही



फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस तरह का प्यार, सफलता और कमाई इसने हासिल की है, वे यह साबित करती है फिल्म के प्रति प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। लोगों ने फिल्म को पसंद किया है।
-रणबीर कपूर, अभिनेता

करंट अफेयर

### इजराइल का उत्तरी गाजा में लड़ाई समापन का संकेत



हमास के खिलाफ युद्ध के चौथे महीने में प्रवेश करने के साथ इजराइली सेना ने संकेत दिया कि उसने उत्तरी गाजा में बड़ी लड़ाई समाप्त कर ली है और वहां हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का काम पूरा कर लिया है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने शनिवार देर रात कहा कि सेना वहां आगे भी फतह करती रहेगी, इजराइल-गाजा सीमा बाड़ पर सुरक्षा को मजबूत करेगी तथा क्षेत्र के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इजराइल यात्रा से पहले हुई। ब्लिंकन सहित अमेरिकी अधिकारियों ने बार-बार इजराइल से गाजा में अपने जबरदस्त हवाई और जमीनी हमले को कम करने तथा हमास नेताओं के खिलाफ अधिक लक्षित हमले का आग्रह किया है ताकि फलस्तीनी नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। यह युद्ध दक्षिणी इजराइल पर हमास के सात अक्टूबर के हमले से शुरू हुआ था जिसमें चरमपंथियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। हमास नियंत्रित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 22,700 से अधिक फलस्तीनी मारे गए और 58,000 से अधिक घायल हो गए।

ऑफ बीट

### तनाव, व्यग्रता से निपटने के तरीके तलाश रहे लोग



तनाव, व्यग्रता और पर्यावरणीय एवं मानवीय आपदाओं से भरी दुनिया में, लोग इससे निपटने के तरीके तलाश रहे हैं। कई लोगों ने मार्गदर्शन के लिए प्राचीन प्रथाओं की ओर रुख किया है। इनमें से एक है सचेतन, जो ध्यान से जुड़ी प्रक्रिया है। वास्तव में सचेतन का क्या अर्थ है? सचेतन किसी चीज के प्रति सचेत रहना या जागरूक होने की स्थिति है। मैं जिस शब्द का उपयोग करना पसंद करता हूं वह है 'जागरूकता'। अपने दिन की शुरुआत साक्ष्य-आधारित समाचारों से करें। सचेतन कवायद आपको वर्तमान में वापस लाने का एक तरीका होगा। आप योग की तरह अपनी इंद्रियों, अपनी सांस या अपने शरीर का इस्तेमाल करेंगे। ध्यान आपको शांत करने में मदद करता है क्योंकि बहुत सारे अवसाद या अवसादग्रस्त विचार अतीत और उन चीजों से जुड़े होते हैं जिनका हमें अफसोस होता है। बहुत सारी चिंताएं भविष्य से जुड़ी हुई हैं। इन विशेष प्रवृत्तियों पर शोध जारी है। यदि लोग बहुत अधिक चिंता का अनुभव करते हैं, तो अकसर ऐसा होता है कि उनका मन भविष्य में इस बात को लेकर चिंता में रहता है कि आगे क्या होगा। अवसाद के लिए भी यही बात है। मन अतीत में वापस चला जाता है और उन चीजों के बारे में सोचता रहता है जो पहले घटित हो चुकी होती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

*पांच जवानों के शहीद होने के बाद यह पहला दौरा*

# अमित शाह कल विकास कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए जाएंगे जम्मू

## विकास को लेकर समीक्षा बैठक भी करेंगे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को जम्मू का दौरा करेंगे और इस दौरान वह विकास संबंधी कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा शहर में ई-बस सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। पुंछ में 21 दिसंबर को आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने के बाद शाह की यह जम्मू-कश्मीर की पहली यात्रा होगी। हमले में एक दिन बाद पुंछ जिले में घटनास्थल से कुछ दूरी पर तीन नागरिकों के शव पाए गए, जिससे आक्रोश फैल गया। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्री नौ जनवरी को जम्मू का दौरा करेंगे और इस दौरान वह जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।



■ शाह ने दो जनवरी को नई दिल्ली में केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की थी।

### युवाओं को वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र

### आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज करने के निर्देश


अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे। शाह ने दो जनवरी को नयी दिल्ली में केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की थी। उस बैठक में उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों को मजबूत करने का निर्देश दिया था और आतंकी 'इको-सिस्टम' को पूरी तरह खत्म करने पर जोर दिया था। सुरक्षा एजेंसियों को केंद्र शासित प्रदेश के संवेदनशील इलाकों में उचित तैनाती की सलाह देते हुए शाह ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद विरोधी अभियानों से निपटने के दौरान सभी उचित प्रक्रियाएं अपनाई जानी चाहिए। उस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

# 8 राज्यों में कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की घोषणा एमपी में जीतू, राजस्थान में डोटासरा को जिम्मा

## वॉर रूम और प्रचार समिति भी बनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को 8 राज्यों में अपनी इलेक्शन कमेटी का गठन कर दिया है। इनमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, नगालैंड और मणिपुर शामिल हैं। इसके अलावा पार्टी ने सेंट्रल वॉर रूम और प्रचार समिति का भी गठन किया है। मध्य प्रदेश की इलेक्शन कमेटी की जिम्मेदारी जीतू पटवारी को सौंपी गई है। वहीं, राजस्थान में गोविंद सिंह डोटासरा पर पार्टी ने भरोसा जताया है। उधर, तेलंगाना में चुनाव समिति के अध्यक्ष के लिए कांग्रेस ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को चुना है। सूत्रों के मुताबिक, ये कमेटी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में पार्टी की जमीनी हकीकत का आकलन करेंगी।



■ तेलंगाना में चुनाव समिति के अध्यक्ष के लिए कांग्रेस ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को चुना

■ कमेटी लोकसभा चुनाव के लिए संसदीय क्षेत्रों में पार्टी की जमीनी हकीकत का करेगी आकलन

### शशिकांत सेंथिल ऑर्गेनाइजेशनल वॉर रूम के चेयरमैन

### पार्टी कहां पिछड़ रही, इसका आंकलन किया जाएगा

पार्टी कहां मजबूत है और कहां पिछड़ रही है, इसकी पूरी रिपोर्ट सेंट्रल कमेटी को देगी। इसी आधार पर सीट शेयरिंग के लिए पार्टी अपना पक्ष रखेगी। पार्टी ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए सेंट्रल वॉर रूम की भी घोषणा की है। इसमें ऑर्गेनाइजेशनल वॉर रूम और कम्युनिकेशन वॉर रूम शामिल है। ऑर्गेनाइजेशनल वॉर रूम में लोकसभा चुनाव के लिए जमीनी स्तर पर पार्टी के अहम फैसले और प्लानिंग का काम होगा। इसके चेयरमैन शशिकांत सेंथिल होंगे, जबकि गोकुल बूतैल, नवीन शर्मा, वरुण संतोष और अरविंद कुमार को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। वहीं, कम्युनिकेशन वॉर रूम में पार्टी के नारे, सोशल मीडिया और प्रचार के समय मैसेजिंग को फाइनल करने जैसे अहम फैसले लिए जाएंगे। इसके चेयरमैन वैभव वालिया होंगे। उधर, प्रचार समिति की कमान अजय माकन को दी गई है। इस समिति में केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### मेरे आलोचक मुझे अपने सपनों में देखते हैं: उद्धव



**मुंबई (भाषा)।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न ''चुराए जाने'' के बावजूद उनके आलोचक उन्हें अपने सपनों में देखते हैं और वे जानते हैं कि महाराष्ट्र की जनता उनके साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे बांद्रा स्थित अपने आवास 'मातोश्री' में समर्थकों को संबोधित कर रहे थे।

### पांच सांसद संसद रत्न पुरस्कार के लिए चयनित



**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे सहित पांच लोकसभा सदस्यों को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। भाजपा के सुधीर गुप्ता, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### संपत्ति मामलों को लेकर लगाए जाएंगे शिविर : मान



**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार संपत्तियों के दाखिल-खारिज के लंबित मामलों के निपटारे के लिए 15 जनवरी को और भी विशेष शिविर लगाएगी। राज्य में शनिवार को इस तरह के शिविरों का आयोजन किया गया था, जिसके एक दिन बाद उन्होंने यह बात कही।

### खराब मौसम के कारण नड्डा का जम्मू दौरा रद



**जम्मू (भाषा)।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा का रविवार को जम्मू का निर्धारित दौरा ''खराब मौसम'' के कारण रद कर दिया गया। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना ने जम्मू हवाई अड्डे पर नड्डा की उड़ान के उतरने में नाकाम रहने के बाद उनका जम्मू दौरा रद्द होने की पुष्टि की।

## चंपारण के बेतिया में 13 जनवरी को करेंगे पहली रैली

# पीएम मोदी बिहार से कर सकते हैं लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज

## भाजपा अपने पुराने सहयोग जदयू के बिना ही चुनावी मैदान में उतरेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत बिहार से कर सकते हैं। भाजपा सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि 13 जनवरी को पीएम चंपारण के बेतिया में रैली करेंगे। वे रमन मैदान में एक जनसभा भी करेंगे। इसी दिन वे झारखंड के धनबाद भी जा सकते हैं। भाजपा सूत्रों ने बताया कि 13 जनवरी को बेतिया में पीएम मोदी बिहार के विभिन्न सड़कों और केंद्रीय योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर सकते हैं। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद यह पहली बार होगा, जब भाजपा अपने सबसे पुराने सहयोगी जदयू के बिना चुनावी मैदान में उतरेगी। 15 जनवरी यानी मकर संक्रांति के बाद भाजपा राज्य में कई जनसभाएं और रैलियां करेगी। खुद प्रधानमंत्री मोदी बेगूसराय, बेतिया और औरंगाबाद में तीन रैलियां करेंगे। पार्टी इस बार लोजपा और हम के साथ मिलकर 40 सीटों पर मैदान में होगी। पीएम के कार्यक्रम के बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह जनवरी और फरवरी में कैंपेन में शामिल होंगे। शाह जनवरी और फरवरी में सीतामढी, मधेपुरा और नालंदा में जनसभाएं करेंगे। वहीं, नड्डा बिहार के सीमांचल और पूर्वी इलाकों में रैलियां करेंगे। बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं।



### 150 नए प्रत्याशी उतार सकती है भाजपा

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा एक साथ कई फॉर्मूलों पर काम कर रही है। पार्टी में मौजूदा सांसदों के टिकट काटने से लेकर नए चेहरों को मौका देने तक पर मंथन जारी है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी आजादी के 100वें साल तक संसद में युवा प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए काम कर रही है। चुनाव में भाजपा 150 नए प्रत्याशी उतार सकती है। इनमें 41 से 55 साल की उम्र के प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होगी। भाजपा के एक महासचिव ने कहा कि पहली लोकसभा में 26% सदस्यों की उम्र 40 से कम थी। बाद में संसद में युवा प्रतिनिधित्व कम होता गया। लोकसभा में तीन से 11 बार तक चुनाव जीतने वाले सांसदों की संख्या बढ़ती गई। इसे देखते हुए पार्टी दो या इससे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीत चुके नेताओं में से ज्यादातर को संगठन की जिम्मेदारी देने जा रही है। इसके अलावा अपवाद को छोड़कर किसी को राज्यसभा दो बार से ज्यादा नहीं भेजा जाएगा।





### इंडिया के सामने सीट बंटवारे का मुद्दा

लोकसभा चुनाव में भाजपा का सामना करने के लिए बने इंडिया के सामने चुनावी अभियान शुरू करने से पहले 28 दलों के बीच सीट शेयरिंग भी बड़ी चुनौती है। इसी महीने गठबंधन की पांचवीं बैठक होनी है, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस गठबंधन वाले 9 राज्यों की 85 सीटें इंडिया ब्लॉक से मांगेगी। वहीं, टीएमसी बंगाल और आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। उद्धव गुट की शिवसेना नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र की 48 में से 23 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात की है। चुनाव से करीब 4 महीने पहले कांग्रेस 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने जा रही है। यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर 14 राज्य और 85 जिलों को कवर करते हुए 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी।



### युवा आबादी का प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहते हैं पीएम मोदी

देश में 65% से ज्यादा युवा हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहते हैं। अगर एक शख्स को लगातार लोकसभा का टिकट मिलता है तो उसके साथी कार्यकर्ता चुनावी राजनीति से बाहर हो जाते हैं। इसलिए कुछ खास मौकों को छोड़कर किसी एक कार्यकर्ता को 2-3 बार से ज्यादा लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं दिया जाए। इससे नए लोगों को मौका मिलेगा। मौजूदा लोकसभा में सांसदों की औसत आयु 54 साल है। भाजपा के 25 से 55 साल की उम्र वाले सांसदों का प्रतिनिधित्व 53% है। भाजपा 56 से 70 वर्ष के ज्यादातर सांसदों की जगह 41-55 आयु वर्ग वालों को लड़ाने की तैयारी कर रही है। 25-40 आयु वर्ग वालों को दोबारा टिकट दिया जाएगा। ऐसे में 150 नए चेहरों को चुनाव में उतारा जाएगा।

### जेल में बंद विधायक को आप ने बनाया लोकसभा कैंडिडेट

# केजरीवाल बोले- यह आदिवासी समुदाय के सम्मान की लड़ाई

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

आम आदमी पार्टी ने जेल में बंद अपने विधायक चैतर वसावा को गुजरात के भरुच लोकसभा सीट से पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने नेत्रांग में रैली को संबोधित करते हुए इस बात की घोषणा की। केजरीवाल राज्य के दो दिन के दौरे पर हैं। चैतर वसावा गुजरात की देदियापाड़ा से पार्टी के एक मात्र विधायक हैं। वसावा फिलहाल वन विभाग से जुड़े एक मामले में जेल में बंद हैं।



### अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

चैतर के समर्थन में अरविंद केजरीवाल जनसभा करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा- यह आदिवासी समुदाय के सम्मान की लड़ाई है। हमें भाजपा को स्पष्ट संदेश देना है कि यह अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केजरीवाल सोमवार को जेल में वसावा से मिलने जाएंगे। केजरीवाल शनिवार को गुजरात जाने वाले थे, लेकिन दिल्ली में 2024-25 के बजट की मीटिंग के चलते वे नहीं जा सके।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष को घेरा

# भाजपा और आरएसएस पर बयानबाजी में विपक्ष 'राम' के भी खिलाफ : शाहनवाज

**बलिया (उप्र)(भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर मुसलमानों की तरफ से तो कोई नकारात्मक बयान नहीं आया लेकिन विपक्षी दल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करते-करते 'राम जी' के भी खिलाफ हो गये। बलिया जिले के सिकंदरपुर में शनिवार देर रात भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव के निवास पर शाहनवाज हुसैन ने कहा, "राम मंदिर के निर्माण से पूर्वांचल की पूरी तस्वीर बदल जायेगी। विकास से तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी।" उन्होंने कहा, "जब 22 जनवरी को मंदिर का उद्घाटन होगा, उसके बाद देश-विदेश के लोग आते रहेंगे, तब भी भीड़ कम नहीं होगी।



### सिद्धू की कांग्रेस को नसीहत

# वर्करों के सम्मान बिना जीत आसान नहीं, जत्थेदार के पद पर उठाया सवाल

एजेंसी ▶▶ बठिंडा

पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के विरोध के बीच रविवार को बठिंडा के कोटशमीर गांव में हुई रैली में हजारों समर्थक पहुंचे। कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा इस रैली को नीजी बता विरोध करने के बावजूद सिद्धू ने 9 जनवरी को होशियारपुर में भी एक और रैली करने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सिख धर्म के सर्वोच्च स्थान श्री अकाल तख्त साहिब की प्रतिष्ठा पर भी सवाल खड़े किए। साथ ही साथ अपने भाषण में कांग्रेस को नसीहत भी दे दी है।



### आज राजनीति धर्म से ऊंची हो चुकी

नवजोत सिंह सिद्धू ने श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार अकाली फूला सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने महाराजा रणजीत सिंह को झुकने पर मजबूर कर दिया था। इतना ही नहीं, उन्हें कोड़ों की सजा भी सुनाई थी। लेकिन आज के जत्थेदार मुख्यमंत्रियों के घर जाते हैं और उनके आदेशों को मानते हैं। आज राजनीति धर्म से ऊंची हो चुकी है। नवजोत सिद्धू ने अपने भाषण में लोगों को नीतियों के लिए वोट डालने की अपील की है।

### मायावती ने अखिलेश को दी नसीहत

# सपा प्रमुख अपने गिरेबान में झांकें कि उनका दामन कितना दागदार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ


बसपा प्रमुख मायावती ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने सपा सुप्रीमो को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत दे डाली। मायावती के इस बयान पर जब अखिलेश से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- नो कमेंट, 100 दिन बचे हैं... भाजपा जाएगी। दरअसल, अखिलेश शनिवार को बलिया में थे। मीडिया के सवाल- इंडिया गठबंधन में मायावती जुड़ती हैं तो क्या ये गठबंधन के लिए फायदा होगा? इस पर उन्होंने कहा था-चुनाव बाद की गारंटी कौन लेगा? यानी बाद में मायावती किस पार्टी के साथ चली जाएं, इसकी गारंटी कौन लेगा।



### तीखा पलटवार किया

अखिलेश के इसी बयान पर मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पलटवार किया। अखिलेश को बसपा पर अनर्गल तंज कसने से पहले अपनी गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। अखिलेश अपनी और अपनी सरकार की दलित विरोधी आदतों से मजबूर हैं। उन्हें देखना चाहिए कि उनका दामन भाजपा को बढ़ाने और भाजपा से मेलजोल करने में कितना दागदार है। भाजपा सरकार बनने पर सपा का भाजपा के शीर्ष नेताओं से मिलना-जुलना जनता भूल नहीं सकती।

## सर्दी में जमे झरने और झीलें



**अनंतनाग।** पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। वहीं पहाड़ों इलाकों में पारा शून्य के नीचे चल रहा है। ऐसे में झीलें और नदियों का पानी जम कर बर्फ में तब्दील हो गया है। मौसम का लुत्फ उठाने के लिए सैलानी भी पहाड़ों की ओर रुख कर रहे हैं। चंदनवाड़ी में जमी हुई झील के किनारे सेल्फी लेते युवा।

### भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले तैयारियां जोरों पर

# राम मंदिर की 'थीम' वाली साड़ियों के ऑर्डर मिलने से बनारसी साड़ी बुनकरों में उत्साह

भाषा ▶▶ वाराणसी

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में इसी महीने होने वाले भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राम मंदिर की 'थीम' पर बनी बनारसी साड़ियां फैशन की दुनिया में धूम मचाने के लिये तैयार है और बुनकर इन साड़ियों के पल्लुओं को सुंदर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। बुनकरों को साड़ियों पर विभिन्न डिजाइन के लिए 'ऑर्डर' मिले हैं, जिनमें साड़ियों के पल्लुओं पर राम मंदिर की आकृति, भगवान राम के जीवन से जुड़ी जानकारी वाले डिजाइन शामिल हैं।

### ऐसे डिजाइन वाली साड़ियों की भारी मांग



मंदिर का पहला चरण पूरा होने वाला है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। उच्चतम न्यायालय ने 2019 में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए एक सदी से भी अधिक समय पुराने मंदिर-मस्जिद विवाद का निपटारा कर दिया था। अदालत ने विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का समर्थन किया था और फैसला सुनाया था कि मस्जिद के निर्माण के लिए वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन दी जानी चाहिए। जैसे ही अयोध्या राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए तैयार हो रही है, देशभर के बुनकर अनूठी कृतियों के माध्यम से मंदिर के उद्घाटन के लिए अपना उत्साह व्यक्त कर रहे हैं। मुबारकपुर क्षेत्र के बुनकर अनीसुर रहमान ने कहा कि इस भव्य आयोजन को लेकर वाराणसी के बुनकर समुदाय में भारी उत्साह है। रहमान ने कहा, ''ऐतिहासिक विशेषताओं के साथ डिजाइन वाली साड़ियों की हमेशा से काफी मांग है, लेकिन राम मंदिर के प्रति भावना पूरी तरह से अलग है।

## मुस्लिम पति को पूरी जिंदगी तलाकशुदा पत्नी की जिम्मेदारी उठानी होगी

### बॉम्बे हाईकोर्ट का अहम फैसला

***पति को 9 लाख गुजारा भत्ता देने का आदेश***

# मुस्लिम महिला दोबारा शादी के बावजूद भरण-पोषण की हकदार

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर तलाकशुदा मुस्लिम महिला दोबारा शादी कर लेती है, तब भी वह अपने पूर्व पति से तलाक में महिला के अधिकारों का सुरक्षा कानून के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। जस्टिस राजेश पाटिल की सिंगल बेंच ने कहा- तलाक की हकीकत अपने आप में पत्नी के लिए धारा 3(1)(ए) के तहत भरण-पोषण का दावा करने के लिए पर्याप्त है। साथ ही कोर्ट ने पूर्व पत्नी को एकमुश्त गुजारा भत्ता देने के दो आदेशों पर पति की चुनौती को खारिज कर दिया। कोर्ट ने पति को अपनी पूर्व पत्नी को 9 लाख रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है।

### अहम टिप्पणी

जस्टिस पाटिल ने फैसले में कहा-एक्ट की धारा 3(1)(ए) दोबारा शादी के खिलाफ बिना किसी शर्त के भरण-पोषण का प्रावधान करती है। यह (धारा) गरीबी रोकने और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के एक्ट के उद्देश्य पर प्रकाश डालती है, भले ही महिला ने दोबारा शादी क्यों ना कर ली हो।

### पूर्व पत्नी की जिम्मेदारी उठाए

जस्टिस पाटिल ने साल 2001 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भरण-पोषण देने के लिए मुस्लिम पति का दायित्व न केवल तय समय सीमा के लिए, बल्कि तलाकशुदा पत्नी की पूरी जिंदगी के लिए है। अदालत ने साफतौर पर कहा कि पति को तय की गई समय सीमा के भीतर गुजारा भत्ता देना होगा। जस्टिस पाटिल ने कहा है कि एमडब्ल्यूपीए में एक बार दी गई भरण-पोषण राशि को बढ़ाने के प्रावधानों की कमी है। गुजारा-भत्ता की राशि पहले ही तय कर दी गई है। अब पत्नी भले ही भविष्य में दोबारा शादी कर लेती है, लेकिन इससे अदालत द्वारा आदेशित एकमुश्त राशि पर कोई असर नहीं पड़ेगा।



**यह है मामला :** कपल की शादी 9 फरवरी 2005 को हुई थी। 1 दिसंबर 2005 को उनके घर बेटी का जन्म हुआ। पति नौकरी के लिए सऊदी अरब चला गया। जून 2007 में महिला बेटी को लेकर रत्नागिरी के चिपलुण में अपने माता-पिता के घर रहने आ गई। महिला ने धारा 125 के तहत भरण-पोषण का आवेदन दायर किया, इस पर पति ने अप्रैल 2008 में रजिस्टर्ड डाक से उसे तलाक दे दिया। चिपलुण के प्रथम श्रेणी न्यायालय ने महिला का भरण-पोषण आवेदन खारिज कर दिया।

### महिला ने दायर किया आवेदन

इसके बाद महिला ने एमडब्ल्यूपीए के तहत नया आवेदन दायर किया। इस पर अदालत ने पति को बेटी के लिए गुजारा भत्ता और पत्नी को एकमुश्त राशि देने का आदेश दिया। पति ने आदेशों को चुनौती दी और पत्नी ने भी बढ़ी हुई राशि की मांग करते हुए आवेदन दायर किया। सेशन कोर्ट ने पत्नी का आवेदन आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए एकमुश्त भरण-पोषण राशि बढ़ाकर 9 लाख रुपए कर दी। इस पर पति ने वर्तमान पुनर्विचार आवेदन दाखिल किया।

### पत्नी ने 2018 में की दूसरी शादी

कार्यवाही के दौरान यह दिखाया गया कि पत्नी ने अप्रैल 2018 में दूसरी शादी की थी, लेकिन अक्टूबर 2018 में फिर से तलाक हो गया। पति की तरफ से तर्क दिया गया कि दूसरी शादी करने के बाद महिला अपने पहले पूर्व पति से भरण-पोषण की हकदार नहीं है। महिला केवल अपने दूसरे पूर्व पति से ही गुजारा भत्ता मांग सकती है।




# जीत की ओर हसीना की पार्टी आधी से ज्यादा सीटों पर कब्जा

## बांग्लादेश में पांचवीं बार संभालेंगी देश की कमान

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना लगातार चौथा कार्यकाल हासिल करने वाली हैं क्योंकि उनकी आवामी लीग पार्टी रविवार को हुए आम चुनावों में अधिकांश सीट पर बढ़त बनाये हुए है। छिटपुट हिंसा और मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) तथा उसके सहयोगी दलों के बहिष्कार के बीच ये चुनाव हुए हैं। बीडीन्यूज24 की खबर के अनुसार, हसीना ने गोपालगंज-3 संसदीय सीट पर फिर से शानदार जीत दर्ज की। वर्ष 1986 से इस सीट पर यह उनकी आठवीं जीत है। हसीना को 2,49,965 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के एम निजाम उद्दीन लश्कर को महज 469 वोट ही मिले। बांग्लादेश में वर्ष 2009 से हसीना (76) के हाथों में सत्ता की बागडोर है। इसबार, एकतरफा चुनाव में वह लगातार चौथा कार्यकाल हासिल करने वाली हैं।



शेख हसीना ने वोट डालने बोलीं-सुचारू रूप से हो रहा मतदान



गृह मंत्री असदुज्जमां खान वोट डालने ढाका पहुंचे।

### भारत, बांग्लादेश का 'भरोसेमंद मित्र'

हसीना ने वोट डालने के बाद कहा कि देश में मतदान सुचारू रूप से हो रहा है। मुझे उम्मीद है कि सभी लोग वोट डालने आएंगे और अपने अधिकार का प्रयोग करेंगे। देश में लोकतांत्रिक प्रवाह बनाए रखें और लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए काम करें।" उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी बीएनपी-जमात-ए-इस्लामी गठबंधन लोकतंत्र में यकीन नहीं रखता है। हसीना ने पत्रकारों से कहा कि भारत, बांग्लादेश का भरोसेमंद मित्र है। 'हम बहुत सौभाग्यशाली हैं...भारत हमारा भरोसेमंद मित्र है।

### निर्दलीय उम्मीदवारों ने 23 सीटें अपने नाम की

उनका अब तक का यह पांचवां कार्यकाल होगा। 'ढाका ट्रिब्यून' समाचर पत्र की खबर के अनुसार, 300 सदस्यीय संसद में आवामी लीग ने अब तक 79 सीट पर जीत हासिल की है, जबकि जातीय पार्टी ने पांच सीट पर जीत दर्ज की है। चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने 23 सीट अपने नाम की है। अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादिर ने दावा किया कि लोगों ने मतदान कर बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के चुनाव बहिष्कार को खारिज कर दिया है। कादिर ने कहा,"मैं उन लोगों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने 12वें राष्ट्रीय संसदीय चुनावों में मतदान करने के लिए बर्बरता, आगजनी और आतंकवाद के खौफ का मुकाबला किया।" जातीय पार्टी के अध्यक्ष जी. एम. कादिर ने चुनावों में रंगपुर-3 सीट पर जीत दर्ज की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त काजी हबीबुल अवल ने बताया कि शुरुआती अनुमान के मुताबिक मतदान लगभग 40 प्रतिशत था, लेकिन अभी यह आंकड़ा बदल सकता है। वर्ष 2018 के आम चुनाव में कुल मिलाकर 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। इससे पहले, निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, "मतदान शाम चार बजे समाप्त हो गया और मतगणना शुरू हो गई है।" उन्होंने बताया कि नतीजे सोमवार तड़के तक आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अनियमितताओं को लेकर सात मतदान केंद्रों पर मतदान स्थगित कर दिया गया है।

# भारत-ब्रिटेन रक्षा उद्योग संबंधों को प्रगाढ़ बनाने लंदन जाएंगे राजनाथ

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



■ राजनाथ की ब्रिटेन यात्रा 22 साल में किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली यात्रा

रणनीतिक एवं सुरक्षा संबंधों को और मजबूत एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को ब्रिटेन की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। दोनों देशों की बीच लड़ाकू विमानों एवं अन्य सैन्य मंचों को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए संभावित सहयोग पर चर्चा होगी। 22 वर्षों के बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की यह पहली ब्रिटेन यात्रा होगी। जून 2022 में राजनाथ सिंह की ब्रिटेन की पूर्व नियोजित यात्रा को भारतीय पक्ष ने 'प्रोटोकॉल कारणों' का हवाला देते हुए रद कर दिया था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह और ब्रिटिश रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के बीच रक्षा, सुरक्षा एवं औद्योगिक सहयोग के क्षेत्र में व्यापक मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि सिंह के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और विदेश मंत्री डेविड कैमरन से भी मुलाकात करने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा जिसमें सेना के तीनों अंगों, डीआरडीओ और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

# गाजा में 'सकारात्मक' भूमिका के लिए प्रतिबद्ध तुर्किये: ब्लिंकन



■ अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन मंगलवार-बुधवार को इजराइल और वेस्ट बैंक का दौरा करेंगे

चानिया (यूनान)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शनिवार को कहा कि तुर्किये, इजरायल-हमास युद्ध के बाद गाजा में 'सकारात्मक' भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध और इस संघर्ष को और अधिक बढ़ने से रोकने के लिए क्षेत्र में अपने प्रभाव का उपयोग करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मिस्र की अपनी यात्रा समाप्त करने से पहले ब्लिंकन मंगलवार और बुधवार को इजराइल और वेस्ट बैंक का दौरा करेंगे। ब्लिंकन ने कहा कि उनकी प्राथमिकताएं नागरिकों की रक्षा करना है क्योंकि अब तक बहुत से फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

# हज सम्मेलन में भाग लेने जेद्दा पहुंचीं ईरानी



■ अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री हज समझौते 2024 पर हस्ताक्षर करने को लेकर दो दिवसीय यात्रा

जेद्दा (सऊदी अरब) (भाषा)। अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी हज सम्मेलन में भाग लेने और भारत तथा सऊदी अरब के बीच हज समझौते 2024 पर हस्ताक्षर करने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचीं। राजदूत डॉ. सुहेल खान, महावाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद और सऊदी अरब के हज तथा उमरा मंत्रालय के अधिकारियों ने जेद्दा हवाई अड्डे पर ईरानी की अगवानी की। जेद्दा में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर कहा कि अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी हज सम्मेलन में भाग लेने और द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए जेद्दा पहुंच गई हैं। ईरानी सऊदी अरब के हज और उमरा मामलों के मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी करेंगी और आगामी हज यात्रा से जुड़े परस्पर हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगी।

## जापान में राजनीतिक चंदा घोटाले में पहली गिरफ्तारी

तोक्यो (भाषा)। जापान में राजनीतिक चंदा घोटाले के सिलसिले में अभियोजकों ने पहली गिरफ्तारी की है। इस घोटाले ने प्रधानमंत्री किशिदा की सरकार को हिलाकर रख दिया है। 'तोक्यो डिस्ट्रिक पब्लिक प्रोसिक्यूटर ऑफिस' ने पूर्व उप-शिक्षा मंत्री योशिताका को सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर अपने गुट से चंदे के रूप में जुटाई गई धनराशि में घपला करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है।




## पीजी मेडिकल दाखिले को काउंसलिंग ऑनलाइन माध्यम से हो: एनएमसी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

स्नातकोत्तर (पीजी) मेडिकल में दाखिले के लिए काउंसलिंग अब केवल ऑनलाइन माध्यम से होगी और कॉलेजों को प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए फीस पहले से घोषित करनी होगी और कोई भी कॉलेज अपने दम पर प्रवेश नहीं दे सकेंगे। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की ओर से हाल ही में अधिसूचित किए गए 'स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियम, 2023' में यह जानकारी दी गई। सभी पीजी सीट के लिए अलग-अलग चरण के परामर्श राज्य या केंद्रीय परामर्श अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे। भारत में सभी मेडिकल संस्थानों के लिए चिकित्सा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के खातिर सामान्य काउंसलिंग केवल संबंधित परीक्षाओं की योग्यता सूची के आधार पर होगी।

### परीक्षा प्रणाली में भी कुछ बदलाव किए गए: डॉ विजय

एनएमसी के पीजी मेडिकल एजुकेशन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ विजय ओझा ने बताया कि परीक्षा प्रणाली में कुछ बदलाव किए गए हैं विवि परीक्षाओं में रचनात्मक मूल्यांकन और बहुविकल्पीय प्रश्नों को भी शामिल किया गया है।

## साइबेरिया, मंगोलिया व रूस से आए मेहमान



### हरिके आर्द्रभूमि पहुंचे 40 से 50 हजार प्रवासी पक्षी

हरिके(पंजाब) (भाषा)। पंजाब की हरिके आर्द्रभूमि (वेटलैंड) में अब तक लगभग 40 से 50 हजार प्रवासी पक्षी पहुंचे हैं। सर्दी के मौसम की शुरुआत में देरी के कारण इस बार ये प्रवासी पक्षी देर से यहां आए हैं।

■ लगभग 90 प्रजातियों के प्रवासी पक्षी हर साल सर्दियों में पहुंचते हैं

■ आर्द्रभूमि सतलुज और ब्यास नदियों के संगम पर स्थित

हरिके आर्द्रभूमि को उत्तर भारत की सबसे बड़ी आर्द्रभूमि के रूप में जाना जाता है, जो पंजाब के तरनतारन, फिरोजपुर और कपूरथला जिलों में 86 वर्ग किलोमीटर तक फैली हुई है। हरिके आर्द्रभूमि सर्दियों में प्रवासी जल पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों के आवास के रूप में कार्य करती है। यह आर्द्रभूमि सतलुज और ब्यास नदियों के संगम पर स्थित है। साइबेरिया, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, रूस और दुनिया के अन्य हिस्सों सहित विभिन्न देशों से लगभग 90 प्रजातियों के प्रवासी पक्षी हर साल सर्दियों में हरिके आर्द्रभूमि पहुंचते हैं क्योंकि उनके मूल स्थानों पर जलाशय तापमान में कमी की वजह से जम जाते हैं। वर्ल्ड वाइल्ड फंड फॉर नेचर इंडिया की समन्वयक गीतांजलि कंवर ने कहा कि हरिके में लगभग 40 से 50 हजार प्रवासी पक्षियों के पहुंचने का अनुमान है।"

### जापान भूकंप : बर्फबारी के कारण सुदूर क्षेत्रों में राहत एवं बचाव अभियान में बाधा

■ भूकंप के कारण अब तक 128 लोगों की मौत हो चुकी

■ 195 लोग अब भी लापता बताए जा रहे और 560 लोग घायल

वाजिमा (जापान)(एजेंसी) जापान के पश्चिमी तट पर पिछले सप्ताह आए भूकंप के बाद राहत एवं बचाव दलों को सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में राहत सामग्री की आपूर्ति पहुंचाने में बर्फबारी के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। भूकंप के कारण अब तक 128 लोगों की मौत हो चुकी है। भूकंप से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र इशिकावा प्रांत में रविवार को रात भर बर्फबारी होने का अनुमान है, जिससे स्थिति और विकट हो सकती है।

### श्रीलंका में पहली बार जल्लीकट्टू उत्सव 200 सांडों के हिस्सा लेने की उम्मीद

नई दिल्ली(एजेंसी)। तमिलनाडु का फेमस गेम जलीकट्टू श्रीलंका में पहली बार आयोजित हुआ है।



इसमें 100 से ज्यादा सांडों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। लोगों की सुरक्षा के लिए मैदान में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। पोंगल त्योहार के अवसर पर जल्लीकट्टू के पारंपरिक खेल के आयोजन किया जाता है। इसमें शक्तिशाली बैलों को वश में करने वाले निडर युवक अपनी-अपनी वीरता और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

# बंगाल में हमले के एक दिन बाद अब ईडी पर केस दर्ज

■ अफसरों पर महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोप

■ शाहजहां के केयर टेकर ने दर्ज करवाई शिकायत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल पुलिस ने ईडी की उस टीम के अधिकारियों पर केस दर्ज किया है, जिन पर शुक्रवार को नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली इलाके में भीड़ ने हमला किया था। अधिकारियों के खिलाफ घर में जबरन घुसने और महिला से छेड़छाड़ का आरोप है। ये आरोप लगाते हुए शाहजहां शेख के केयर टेकर ने ईडी अफसरों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

### ये शिकायत दर्ज

पुलिस के सूत्रों के मुताबिक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर शेख के घर के केयरटेकर की शिकायत के आधार पर दर्ज कराई गई है। दूसरी एफआईआर शुक्रवार को ईडी की शिकायत के आधार पर दर्ज हुई, जबकि तीसरी एफआईआर एजेंसी ने खुद ही रजिस्टर की है। ईडी अधिकारियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 441 (आपराधिक रूप से कहीं दाखिल होना), 379 (चोरी करने की मंशा) और 354 (महिला की अस्मिता का उल्लंघन करना) के तहत एफआईआर की गई है। अन्य दो एफआईआर आईपीसी की धारा 147, 148, 149 (दंगा करना) और 353 (पब्लिक सर्वेंट पर हमला करना) के तहत दर्ज की गई है।

### ये सरकार 'लुक आफ्टर' सरकार: अधीर रंजन


कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा कि टीएमसी पार्टी ईडी को देख लेगी। टीएमसी अपने खतरनाक सदस्यों को बचाने के लिए काम करती है। ये सरकार 'लुक आफ्टर' सरकार है। तो 'लुक आउट' सर्कुलर की क्या जरूरत है? इनके तो बॉर्डर भी बंद नहीं हैं।

### बंगाल में स्थिति मणिपुर से भी बदतर : घोष

संदेशखाली गांव में ईडी टीम पर हुए हमले को लेकर भाजपा सांसद दिलीप घोष ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति मणिपुर से भी बदतर है। साथ ही उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगने वाली बांग्लादेश की सीमा पर भी स्थिति बिगड़ी हुई है। ये देश की सुरक्षा के लिए अच्छा नहीं है।

## ब्रिटेन में वारविक विश्वविद्यालय के अध्ययन में दावा

# शुरुआती दिनों में सीखे शब्द लंबे समय तक रहते हैं याद



भाषा ▶▶ नई दिल्ली

जीवन के शुरुआती दिनों में सीखे गए शब्दों के उपयोग को लेकर एक अध्ययन में रोचक जानकारी सामने आई है। क्यों लोग कुछ शब्दों को याद रखते हैं और जीवन भर उनका उपयोग करते हैं जबकि कुछ अन्य शब्द उनकी शब्दावली से बाहर हो जाते हैं?

एक अध्ययन में पाया गया है कि जीवन के शुरुआती दिनों में सीखे गए शब्द और जो शब्द ''उत्तेजक'' और ''विचारोत्तेजक'' होते हैं, वे लोगों द्वारा लंबे समय तक उपयोग में बने रहने वाले शब्दों में शुमार होते हैं। इसमें यह भी पाया गया कि लोग जो देख सकते हैं या कल्पना कर सकते हैं, उससे जुड़े शब्द और जिन्हें 'ठोस' शब्द के रूप में वर्णित किया गया है, प्राकृतिक रूप से लोगों की याददाश्त में लंबे समय तक बने रहने की अधिक संभावना रखते हैं।उदाहरण के लिए, 'बिल्ली' को 'जानवर' शब्द की तुलना में अधिक 'ठोस' कहा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने 'सेक्स' और 'लड़ाई' ऐसे कुछ उदाहरण दिए हैं, जो ऐसे शब्दों के उदाहरण हैं जो अधिक 'उत्तेजित और विचारोत्तेजक' होते हैं। ब्रिटेन में वारविक विश्वविद्यालय के अध्ययन ने इस पहलू पर प्रकाश डाला कि क्यों कुछ शब्द आधुनिक भाषाई परिदृश्य में बने रहते हैं, जबकि अन्य नहीं। वारविक विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रोफेसर एवं प्रमुख शोधकर्ता थॉमस हिल्स ने कहा कि निष्कर्ष इस बात पर प्रकाश डालने में मदद करते हैं कि मानव मस्तिष्क सूचनाओं को कैसे संसाधित और उपयोग करता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25